वर्ष- 22 अंक - 65 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 17 अगस्त 2026

## नागपंचमी और सावन सोमवार पर भारी भीड़

सोमवार.एजेंसी। आज सावन सोमवार के दिन नागपंचमी भी मनाई जा रही है। आज महाकाल से लेकर देशभर के शिव मंदिरों और नाग मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

# सावन सोमवार पर हादसों में 17 श्रद्धालुओं की मौत

## मंदिर में भगदड़ 7 महिलाओं की मौत




लखीसराय ● एजेंसी

बिहार के लखीसराय स्थित प्रसिद्ध अशोकधाम मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार पर आज सुबह भगदड़ मचने से 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 7 के मारे जाने की पुष्टि हुई है। बताया जाता है कि मृतकों में सभी महिलाएं हैं। यहां बिजली का तार गिरने और करंट फैलने की अफवाह के चलते यह भगदड़ मचने की बात कही जा रही है। एक दर्जन लोग घायल भी हुए हैं। घटना के वक्त मंदिर परिसर में भारी भीड़ जमा थी। श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए कतार में लगे हुए थे। इसी दौरान लोग घबराकर भागने लगे, जिससे भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई। कई महिलाएं भीड़ में दब गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। यह भी कहा जा रहा है कि सुबह 6:40-45 के करीब भीड़ बढ़ने से एक तरफ (खेत की तरफ) बैरिकेडिंग टूट गई, जिससे लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब 100 लोगों ने जबरन घुसने की कोशिश की जिसके कारण भगदड़ मची।



## होटल में आग से 7 शिवभक्तों की मौत

**बीरभूम.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम में आज सुबह तारापीठ पुलिस स्टेशन के पास स्थित एक होटल में भीषण आग लग गई। हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। होटल में सुबह करीब 4 बजे आग लगी। बताया जाता है कि हादसे के शिकार हुए लोग सावन सोमवार पर तारापीठ मंदिर में दर्शन के लिए आए थे। यह होटल तीर्थयात्रियों से पूरी तरह भरा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि आग उस समय शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी, जब कई लोग सो रहे थे।

**तीन कावड़ियों की मौत - प्रयागराज में कंटेनर से बाइक टकराने के कारण 3 कांवड़ियों की मौत हो गई।**

## 150 से ज्यादा थप्पड़, 15 इंजेक्शन और बच गया युवक

**हरदोई.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के हरदोई में खेत में पानी लेकर पहुंचे 21 वर्षीय अरुण को जहरीले सांप ने डस लिया। अस्पताल में डॉक्टरों की सलाह पर बड़े भाई ने लगातार 150 से अधिक थप्पड़ मारकर उसे सोने नहीं दिया आखिर में डॉक्टरों की पांच सदस्यीय टीम ने दो घंटे में 15 एंटी-वेनम डोज देकर अरुण की जान बचा ली।

## मिसाइलों की चपेट में आई लक्ष्मी मित्तल की फैक्ट्री 2 की मौत, उत्पादन ठप

सोमवार ● एजेंसी

यूरोप में जारी जंग के बीच रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के गृहनगर क्रिवी रिह में भारतीय मूल के अरबपति लक्ष्मी मित्तल की आर्सेलरमित्तल माइनिंग एंड मेटलर्जिकल कॉम्प्लेक्स पर मिसाइल हमला किया। यूक्रेन की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड स्टील यूनिट पर हुए इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 कर्मचारी घायल हुए हैं। यह हमला यूक्रेन की ओर से रूस पर किए गए बड़े पैमाने के ड्रोन हमलों के जवाब में हुआ।

## राहुल गांधी बोले- 'मोदी जी देखिए एनटीए ने क्या किया'

**नई दिल्ली.एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट जून 2026 के तीन विषयों- इंग्लिश, कॉमर्स और सोशियोलॉजी की परीक्षाएं रद्द होने पर केंद्र की मोदी सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि गलती एनटीए करती है लेकिन इसकी सजा छात्रों को भुगतनी पड़ती है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या ये पेपर पहले ही लीक हो गए थे। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, 'मोदी जी, देखिए आपकी एनटीए ने क्या किया है।

## जनगणना की शुरुआत

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारत की 2027 की जनगणना का अहम चरण आज से शुरू होने जा रहा है। आज लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों में 'सेल्फ-एन्यूमरेशन' (खुद अपनी जानकारी दर्ज करने) के साथ शुरू होगा। इसमें दूर-दराज़ के गांव, पहाड़ी समुदाय और मुश्किल रास्तों वाले इलाके शामिल होंगे। गृह मंत्रालय ने उन 40 सवालों की लिस्ट जारी की है जो जनगणना अधिकारी हाउसहोल्ड शेड्यूल के तहत परिवारों से पूछेंगे। आधार से बैंकिंग तक 40 सवाल पूछे जाएंगे।

## अमेरिकी सैनिकों को मारने पर 28 लाख का इनाम

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान ने अमेरिकी सैनिक को मारने या पकड़कर सौंपने वाले व्यक्ति को 28 लाख का इनाम देने का ऐलान किया है। ईरानी सेना प्रमुख अमीर हातिमी ने कहा है कि अगर यह काम कोई ईरानी महिला करती है तो इनाम दोगुना होकर मिलेगा।

## बुर्के में हिंदू छात्राओं से कराया डांस!

**गोंडा.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के गोंडा जिले के एक निजी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में हिन्दू छात्राएं बुर्का पहनकर डांस करती दिख रही हैं। विवाद बढ़ता देख स्कूल प्रबंधक रामकृष्ण मौर्या ने वीडियो संदेश जारी कर करोड़ों बार माफी मांगी है।

## मुख्यमंत्री ने इंदौर में उठाई कावड़

### कावड़ यात्री से भी की चर्चा, जयकारा भी लगाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदौर में कई सौगात देने आए हुए थे और उन्होंने सौगात देने के साथ ही भगवान भोलेनाथ की भक्ति भी दिखाई। उनका कारवां जब विकास की पथ की ओर बढ़ रहा था तब उन्होंने देखा कि रास्ते में कावड़ यात्री कावड़ लेकर चल रहे हैं, इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपना कारवां रूकवाया और बाबा भोलेनाथ के जयकारों के साथ इंदौर में कावड़ भी उठाई और कावड़ यात्री बाबू पटेल से उनके हालचाल भी पूछे, किसी तरह की कोई समस्या इस यात्रा के दौरान तो नहीं आ रही है, इसकी भी जानकारी कावड़ यात्रियों से ली। इस दौरान विधायक राकेश शुक्ला और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी मुख्यमंत्री की भोले बाबा की भक्ति देखते रहे।






यश शुक्ला जी
जीतू जिराती जी
पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष
गौरव रणदीवे जी
प्रदेश महामंत्री
मधु वर्मा जी
विधायक राऊ
कैलाश विजयवर्गीय जी
केबिनेट मंत्री
श्री मोहन यादव जी
यशस्वी मुख्यमंत्री
सुमित मिश्रा जी
यशस्वी नगर अध्यक्ष
मनोज परमार जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष-ब.म.स.
दीपक जायसवाल जी
आदरणीय
राकेश गोयल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं एवं
नाग पंचमी की बहुत बहुत बधाई
राकेश गोयल जी
महेन्द्र हार्डिया जी
लोकप्रिय विधायक क्षेत्र क्रं. 5
गोलू शुक्ला जी
लोकप्रिय विधायक क्षेत्र क्रं. 3
श्रीमती मंजू राकेश गोयल
पूर्व पार्षद वार्ड क्रं.54
मुकेश नामदेव जी
आशीर्वाद ग्रुप
सुनील वर्मा जी
पूर्व मंडल अध्यक्ष
अनिल (अप्पी) मीणा जी
मनोज दयालु
पप्पू जोशी
पंकज चौबे
दादू दुबे
पंकज चौधरी
प्रमोद रघुवंशी
आयुष गोयल
पियुष गोयल
बबलू राठौर
मनोज गोयल
मोहन राठौर
मुकेश गोयल
रामसिंह
पिन्टू पवार
दिलीप नागराज
बधाईकर्ता - दिलीप नागराज, पिन्टू पवार मित्रमंडल

# गौराकुण्ड पर फूटी नर्मदा लाइन, सड़क पर बहा पानी

## प्रेशर इतना कि आरसीसी की सड़क में हो गया गड्ढा, दुकानदारों के तलघर में भी भराया पानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





गौराकुण्ड पर आज सुबह 7 बजे उस वक्त हंगामा मच गया जब अचानक सड़क में गड्ढा हुआ और नर्मदा की लाइन से पानी सडक पर बह गया। मुख्य मार्ग की सड़क में बड़ा गड्ढा हो गया। आसपास के दुकानदारों के तलघर में भी पानी घुस गया जिससे उनका नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शी एवं गौराकुण्ड व्यापारी एसोसिएशन के अमन शर्मा ने बताया कि घटना सुबह 7 बजे हुई। गड्ढा होने के बाद पहले उसके आसपास बेरिकेटिंग की गई फिर निगम को सूचना दी गई। इधर मौके पर पहुंचे निगम अधिकारियों ने बताया कि राजबाडा के समीप नर्मदा लाइन की प्रेशर के साथ टेस्टिंग की गई। प्रेशर इतना तेज था कि आरसीसी से बनी सडक तक उखड़ गई। वहीं फुटपाथ पेव्हर ब्लाक उखड़ गए। गनीमत रही कि किसी राहगीर या रहवासी हताहत नहीं हुआ। सड़क पर पानी बहता नजर आया। आसपास के दुकानदारों के तलघर में पानी भर गया। हालाकि अभी दुकानें खुली नहीं है कितना नुकसान हुआ है इसकी जानकारी नहीं मिल सकी।



# बाणेश्वर महादेव निकले नगर भ्रमण पर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पूर्व विधायक स्व. रामलाल यादव भल्लू ने 28 वर्ष पूर्व बाणेश्वर कुंड से बाणेश्वर महादेव की सवारी यात्रा शुरू की थी, जिसे उनके पुत्र कांग्रेस नेता दीपू यादव ने भी जारी रखा। आज बाणेश्वर महादेव बाणेश्वर कुंड से रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले। रथ की भी विशेष सजावट की गई थी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और राजनेता भी इस यात्रा में शामिल हुए। पूरे रास्ते में जगह-जगह मंच लगे हुए थे जहां से बाणेश्वर महादेव और श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। बाबा आज खुद भक्तों को दर्शन देने के लिए निकले तो भक्तों ने पलक पावड़े बिछाए। बड़ी संख्या में साधु-संत भी मौजूद रहे। इस यात्रा में बैंड-बाजे, ढोल-ताशे, अखाड़े, मलखम, लोक-नर्तक, ऊंट, घोड़े, भूत, प्रेत, अघौरी, चुड़ेल की टोली, भजन मण्डली, डीजे गाड़ी, डमरू और झांझ, महिला भजन मण्डली, झांकियां, धूप-धुपाड़ा सहित देवी-देवताओं आदि की वेशभूषा में भक्त शामिल हुए। यह यात्रा बाणेश्वर कुंड बाणगंगा से मरीमाता चौराहा होते हुए महेश गार्ड लाइन, वृंदावन कालोनी से वापस बाणेश्वर मंदिर पहुंची। यात्रा के समापन पर आरती भी दोपहर में की जाएगी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत, राजनेता मौजूद रहे। रथ को श्रद्धालु अपने हाथों से खेंचकर आगे ले जा रहे थे, जगह-जगह फरियाली खिचड़ी, फलाहार, ठंडाई और जल का वितरण किया गया। पूरे आयोजन का श्रेय प्रदीप यादव दीपू को गया, जो कांग्रेस की ओर से विधानसभा प्रभारी है और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी है और यादव समाज से भी जुड़कर वे यहां भी वरिष्ठ है, इसलिए बड़ी संख्या में यादव समाजजन भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री को पार्षद शर्मा ने भेंट की राधा-कृष्ण की प्रतिमा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



अन्नपूर्णा मंदिर के सामने से रिंगरोड तक का रास्ता कल सौगात के रूप में मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। महत्वपूर्ण बात यह है कि विधानसभा 4 और राऊ के रहवासियों को इस अटल पथ रोड से काफी लाभ होगा। खासतौर से सुदामा नगर, बैंक कालोनी, विश्वकर्मा नगर, आरटीओ रोड की कालोनी, अन्नपूर्णा रोड की कालोनी के लोगों को काफी फायदा अन्नपूर्णा रोड और रिंगरोड आने-जाने में होगा। साथ में कालोनियों की कनेक्टिवीटी भी मिलेगी। कुछ लोगों का कहना है कि अब इस रोड पर व्यापार, व्यवसाय भी बढ़ेगा। इस रोड के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव को श्रेय दिया जा रहा है। वहीं वार्ड 82 के पार्षद जो झोन 14 के अध्यक्ष भी है उनका भी इस रोड पर सहयोग है और कल जब मुख्यमंत्री ने इस अटल पथ की सौगात दी तो मुख्यमंत्री को पार्षद नितिन शर्मा ने राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट की, जिसे मुख्यमंत्री ने निहारा और मूर्ति की तारीफ की। दशहरा मैदान पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी की 25 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित होगी, जिसका भी भूमिपूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया। इस प्रतिमा के लिए पार्षद शानू शर्मा का प्रयास रहा, जिसकी भी सराहना की गई। प्रतिमा पर करीब 2 करोड़ रु. खर्च होगा।

## विपिन वानखेड़े के एक वर्ष को कांग्रेसियों ने सफल बताया

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ठीक एक वर्ष पूर्व 16 अगस्त को जिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में विपिन वानखेड़े की नियुक्ति की गई थी। विपरीत परिस्थिति में वानखेड़े बने और उन्होंने चारों विधानसभा क्री तहसील स्तर तक दौरे कर जिले की सभी 333 ग्राम पंचायतों में पंचायत कमेटियों तथा सभी 77 मंडलों में अध्यक्षों एवं उनकी पूर्ण कमेटियों की नियुक्तियां कर अभूतपूर्व सांगठनिक विस्तार किया गया है। संगठनिक इतिहास में यह पहला अवसर रहा जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इंदौर जिले के हर एक ब्लॉक का दौरा किया। भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के बाद पीड़ित परिवारों की आवाज बनकर सरकार के खिलाफ किए गए मुखर संघर्ष में वे सबसे आगे रहे, जहां सड़कों पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान सिर पर पत्थर लगने से लहू-लुहान होने के बावजूद उनका अडिग रहना कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा बन गया। किसान आंदोलनों से लेकर हर बड़े जनहित के मुद्दे पर पार्टी ने सफलता के झंडे गाड़े। इस अभूतपूर्व सांगठनिक विस्तार और सड़क से लेकर संघर्ष के बलबूते पर इंदौर में कांग्रेस को एक अत्यंत मजबूत और ऊर्जावान आधार प्राप्त हुआ है।



## सागर परिवार ने की गाय भेंट

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** चिड़ियाघर में प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव को राजू सागर, पुष्पक सागर और उनके परिवार द्वारा गाय भेंट की। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सागर ज्यूस पर मिलने वाले ज्यूस के बारे में सीएम को बताया।



# भाजपा नेता टंटू शर्मा के आयोजन में भाजपाई और कांग्रेसी नेता पहुंचे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

गोशी मोहल्ला स्थित मठ पर कल भाजपा नेता टंटू शर्मा ने धार्मिक आयोजन किया। अभिषेक, पूजन, आरती के बाद दाल-बाफला की सियासी महफिल भी सजाई गई है। टंटू शर्मा पहले कांग्रेस से जुड़े थे और अब संजय शुक्ला के कारण भाजपा में हैं। टंटू के संबंध दोनों ही दलों के नेताओं से हैं इसलिए बड़ी संख्या में भाजपाई और कांग्रेसी पहुंचे। संत-महंत के अलावा समाज से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता और छावनी से जुड़े कई समाजसेवी भी इस आयोजन में पहुंचे और सभी ने दाल-बाफले का लुत्फ लिया। टंटू शर्मा के भाई रितेश शर्मा काफी पहले से भाजपा से जुड़े हुए हैं।



## भाजपाई रहे मौजूद

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा पांच के वार्ड 54 के शांति नगर क्षेत्र में ध्वजारोहण के बाद आयोजन में बालिकाओं ने प्रस्तुति दी। पार्षद महेश बसवाल, दुर्गेश मिजवा, आशा मंत्री, कमल प्रजापत, अतुल राजपूत, राकेश डाकसे, दीपक चौहान, करण आंटोदिया, पंकज भालके, अजय वर्मा, तुकाराम अलसर, सुनील सोलंकी, रजनी फूलमाली, गीता कनौजिया, हेमलता नरवरे सहित अन्य मौजूद थे।

# महापौर परिषद की बैठक कल, प्रस्ताव हो गए 63

## निगम के अधिकारियों ने नए प्रस्ताव भी जोड़े

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम की महापौर परिषद की बैठक अब कल मंगलवार को आयोजित की गई है। इस बैठक के लिए आज जारी की गई कार्य सूची में 63 प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। निगम के अधिकारियों के द्वारा बड़ी संख्या में नए प्रस्ताव भी जोड़ दिए गए हैं।**

महापौर परिषद की यह बैठक वैसे तो पिछले दिनों आयोजित की जाने वाली थी। बैठक के आयोजन के 1 दिन पहले महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा बैठक में रखे गए प्रस्ताव की फाइल कंप्लीट नहीं होने और महापौर परिषद के कुछ सदस्यों के द्वारा बैठक के एजेंडा पर विचार करने और अध्ययन करने के लिए समय मांग लिए जाने के कारण इस बैठक को स्थगित कर दिया था। अब यह बैठक कल मंगलवार को आयोजित की जा रही है। इस बैठक के लिए आज सुबह निगम के अधिकारियों के द्वारा एजेंडा जारी कर दिया गया। इस एजेंडा में 63 प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। इसमें शहर में नए ज़ेन्ट्री गेट बनाने के साथ में शहर के सभी बिजली के खंबे पर विज्ञापन के बोर्ड लगाने और शहर में 22 स्थान पर नए ट्रैफिक सिग्नल विज्ञापन के बोर्ड के साथ लगाने के प्रस्ताव शामिल है।

रणजीत हनुमान मंदिर के पास नगर निगम के द्वारा विकसित किए गए विश्रामबाग में बनाए गए स्विमिंग पूल को 15 साल के लिए ठेके पर देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी के लिए महापौर परिषद की बैठक में रखा जाएगा। इसके लिए नगर निगम के द्वारा टेंडर बुलाए जा चुके हैं। एक फर्म द्वारा 88 लाख रुपए प्रति वर्ष में इसे ठेके पर लेने का प्रस्ताव दिया गया है। इस फर्म के द्वारा स्विमिंग पूल का संचालन करने और वहां पर तैरने के लिए आने वाले लोगों से शुल्क लेने के साथ ही वहां पर खेल से संबंधित कियोस्क का संचालन भी किया जाएगा। नगर निगम के द्वारा इंदौर शहर में निर्मित किया गया यह तीसरा ऐसा स्विमिंग पूल है जिसका संचालन शुरू करवाया जा रहा है। इसमें से एक स्विमिंग पूल नेहरू पार्क का भी नवनिर्माण के कारण बंद पड़ा हुआ है। महापौर परिषद की इस बैठक के लिए बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्रस्ताव भी मंजूरी के लिए आए हैं। इसमें पूर्व में जिन लोगों को आवंटन किया गया उनका नामांतरण करने जैसे प्रस्ताव भी शामिल है। निगम की ओर से इस बैठक में शहर के कुछ प्रमुख चौराहे को विकास के लिए निजी क्षेत्र को सौंपने के प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा। इसमें खास तौर पर पलासिया चौराहे पर स्थित सेल्फी प्वाइंट को अखंड भारत के रूप में विकसित करने की अनुमति देने का प्रस्ताव भी शामिल है।

# अब कहीं भी कोई भी मेला लगेगा तो निगम को चुकाना पड़ेगा टैक्स

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। **शहर के अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग मौके पर लगाए जाने वाले मेले के लिए अब नगर निगम को टैक्स चुकाना होगा। इस तरह की व्यवस्था को आकार देने के लिए प्रस्ताव को मंजूरी की प्रक्रिया में डाल दिया गया है।**

नगर निगम के द्वारा कहीं भी टिकट के साथ होने वाले गीत संगीत के कार्यक्रम में तो मनोरंजन कर के रूप में टैक्स लिया जाता है। शहर में अलग-अलग त्यौहार के मौके पर अलग-अलग स्थान पर मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में एक तरफ मनोरंजन होता है तो दूसरी तरफ सामान का विक्रय भी किया जाता है। इस तरह के मेले पर अब तक नगर निगम के द्वारा कोई शुल्क नहीं लिया जाता था। मेला आयोजक मेला लगाने और कमाई करके चले जाते थे।

अब नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान इस तरफ भी गया है कि इस तरह के मेले के आयोजन पर भी टैक्स लगाया जाना चाहिए। इसी आधार पर नगर निगम के द्वारा एक प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव को मंजूरी की प्रक्रिया में डाल दिया गया है। इस बारे में नगर निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने बताया कि निजी और सार्वजनिक स्थान पर आयोजित किए जाने वाले मेले पर नगर निगम के द्वारा 10 रुपये प्रति स्क्वायर फीट की दर से शुल्क लिया जाएगा। इस शुल्क की वसूली को शुरू करने के लिए प्रस्ताव को मंजूरी की अंतिम प्रक्रिया में भेज दिया गया है। कोशिश की जा रही है कि अगले कुछ दिनों में ही इसको लागू कर दिया जाएं। ध्यान रहे कि अभी राखी का त्यौहार आ रहा है और राखी के पर्व पर अलग-अलग स्थान पर संस्थाओं के द्वारा राखी का विक्रय करने के लिए मेले का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा महालक्ष्मी नगर के ग्राउंड और दशहरा मैदान पर भी अलग-अलग समय पर मेले का आयोजन होता ही रहता है। सावन के महीने में भी विभिन्न संस्थाओं के द्वारा मेला आयोजित किया जाता है। इस तरह के मेले में सामग्री का विक्रय करने के साथ ही साथ वहां आने वाले लोगों से कहीं पर टिकट रख कर शुल्क लिया जाता है तो कहीं पर फ्री एंट्री रखी जाती है और मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध कराए जाते हैं। अब इस तरह के मेले को नगर निगम के द्वारा टैक्स की परिधि में लेकर उन पर कार्रवाई की जाएगी।

## पटवारी के काका का निधन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के काका और रजनीश पटवारी के पिता घनश्याम पटवारी का निधन हो गया। शवयात्रा आज सुबह बिजलपुर निवास से निकलकर बिजलपुर मुक्तिधाम पहुंची, बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, रहवासी और राऊ विधानसभा से जुड़े लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन शीघ्र शुरू करे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नेता शैलेन्द्र महाजन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पश्चिम रेलवे अधिकारियों की शिकायत की और बताया कि पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन के इंतजार में अगस्त का आधा महीना खत्म हो गया है, पर पश्चिम रेलवे के अधिकारियों की लापरवाही से हेरिटेज ट्रेन आज तक शुरू नहीं हो पाई, यह ट्रेन जल्द शुरू की जाए।

## नगर निगम के बहु चर्चित नामांतरण घोटाले में मुकदमा दर्ज करने के आदेश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम के बहुचर्चित नामांतरण घोटाले में मुकदमा दर्ज करने के आदेश हो गए हैं। इस घोटाले की जांच करने के लिए बनाई गई अधिकारियों की टीम के द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि नामांतरण घोटाले के रूप में जिस गड़बड़ी को लेकर पिछले 2 महीने से हल्ला मचा हुआ था उसमें जांच के लिए निगम के अपर आयुक्त की कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी के द्वारा जांच पूरी करने के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है। इस रिपोर्ट का विस्तृत अध्ययन कर विस्तृत कार्रवाई करने का कार्य तो अभी बाकी है। अभी निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह को यह निर्देश दिया गया है कि अब जांच रिपोर्ट के आधार पर वह पुलिस थाने में इंदौर नगर निगम के इस मामले में मुकदमा दर्ज करवा दें। उन्होंने बताया कि इस घोटाले की जांच में जो निगम के कर्मचारी दोषी पाए गए हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने के लिए आदेश दे दिया गया है। इस आदेश के आधार पर अब कुछ दिन के अंदर निगम के द्वारा इन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर दी जाएगी। जो आउटसोर्स के कर्मचारी इस घोटाले में लिप्त पाए गए हैं उन्हें निगम की सेवा से बाहर करने के लिए निर्देशित किया गया है। वैसे इस तरह के कर्मचारियों की सेवा पहले ही समाप्त हो चुकी है। खास तौर पर एक कंप्यूटर ऑपरेटर को लेकर शिकायत मिली थी लेकिन आउटसोर्स एजेंसी को बोलकर एक महीने पहले ही इस कर्मचारी को निगम की सेवा से बाहर किया जा चुका है।

**कौन रहा दोषी... देखेंगे-** इस मामले में जब इस प्रकरण की जांच से जुड़े अधिकारियों से चर्चा करते हुए यह जानने की कोशिश की गई की किस अधिकारी को दोषी पाया गया है तो उन्होंने कोई सीधा जवाब नहीं दिया। उनका कहना था कि जो भी दोषी होगा उसके बारे में जांच रिपोर्ट में देखा जाएगा। अभी जांच रिपोर्ट का विस्तृत अध्ययन नहीं किया जा सकता है।



# लोगों को नहीं नजर आई नकली नाग में आस्था

**कपड़े के नाग महाराज लेकर पूजा करवाने पहुंचे**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज नाग पंचमी पर गलियों में पिलाओं नाग को दूध की गूंज तो नहीं हुई, प्रशासन द्वारा असली सांप लेकर घूमने वालों पर शिकंजा कसा गया, जिसके परिणाम स्वरूप सपेरे नकली सांप लेकर गलियों में घूमते रहे। हालांकि लोगों की आस्था इस कपड़े के नाग में कम ही नजर आई।

आज नागपंचमी पर नाग की पूजा का महत्व है। सालों तक सपेरे नाग और नागिन को पूजा करवाने के लिए शहर में लेकर घूमते रहे हैं। प्रशासन की सख्ती वैसे तो हर वर्ष रहती है, लेकिन फिर भी सपेरे आंख मिचोली खेलते हुए प्रशासन को गुमराह करते हैं, लेकिन इस बार प्रशासन असली नाग को लेकर घूमने वालों पर ज्यादा सख्त है, ऐसे में सपेरे नकली नाग, कपड़े से बने नाग लेकर घूम रहे हैं। हालांकि इस पर लोगों की आस्था कम नजर आई। सपेरों का भले ही नया प्रयोग था। प्रशासन के निर्देश पर किया गया यह प्रयोग उस स्तर पर सफल नहीं हो सका जैसा लोग असली नाग की पूजा कर नागपंचमी मनाते रहे हैं। नकली नाग लेकर निकले सपेरे जब लोगों को आवाज लगाते रहे तो लोग घर से बाहर निकले, लेकिन कम ही लोगों ने पूजा की। इधर सपेरे भी दान लेने पर अड़े रहे। लोगों ने भी उन्हें कुछ रुपये देकर हाथ जोड़ लिए।

# टेंडर की नौबत बार-बार, काम फिर भी अधूरे, निगम के सामने ठेकेदारों का संकट

**भुगतान अटकने से ठेकेदारों ने घटाया जोखिम, जोन कार्यालय और सड़कों के काम के लिए बार-बार टेंडर के बावजूद नहीं मिल रही पर्याप्त भागीदारी**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम को अपने ही जोन कार्यालय भवन के निर्माण के लिए ठेकेदार नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब निगम को एक ही विकास कार्य के लिए नौ-नौ बार टेंडर निकालने पड़ रहे हैं तो शहर के विकास कार्यों में तेजी कैसे आएगी। विपक्ष ने इसके लिए निगम पर ठेकेदारों के 1600 करोड़ रुपए बकाया होने का आरोप लगाया है। हालांकि निगम के लेखा विभाग ने वर्तमान देनदारी करीब 600 करोड़ रुपए बताई है। इसके बावजूद ठेकेदारों का काम करने से दूरी बनाना चिंता का विषय है।

### भुगतान में देरी सबसे बड़ी वजह

नगर निगम कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन से जुड़े एक ठेकेदार ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि समय पर भुगतान नहीं मिलना सबसे बड़ी समस्या है। ठेकेदारों का कहना है कि करोड़ों रुपए के काम कराने के बाद भुगतान के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। भुगतान मांगने पर भी कई बार किश्तों में राशि मिलती है।

### नौवीं बार निकला टेंडर

8 अगस्त 2026 की ताजा ई-टेंडर सूची में जोन-4 के जोनल कार्यालय में नया कमरा और अन्य निर्माण कार्य के लिए नौवीं बार टेंडर कॉल किया गया है। वहीं भागीरथपुरा वार्ड-11 में सड़क निर्माण के लिए छठी बार टेंडर जारी हुआ है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निवास क्षेत्र सुदामा नगर के ई-सेक्टर वार्ड-82 में शंकराचार्य द्वार से टोयोटा सर्विस सेंटर तक सड़क निर्माण का टेंडर चौथी बार कॉल किया गया है। ठेकेदार नहीं मिलने से करीब 70 करोड़ रुपए के विकास कार्य अटके हुए हैं।

### गुणवत्ता से समझौता नहीं

जनकार्य विभाग के प्रभारी एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने कहा कि घटिया निर्माण या समय पर काम पूरा नहीं करने की स्थिति में भुगतान रोका जाता है। ठेकेदार अपनी खामियां नहीं बताते, लेकिन घटिया निर्माण होने पर जवाबदेही निगम की होती है। जनता ठेकेदार को नहीं, निगम को जिम्मेदार मानती है।

### स्कीम नंबर 54 की सड़क पर कार्रवाई

राठौर ने बताया कि हाल ही में स्कीम नंबर 54 में सड़क के घटिया निर्माण का मामला सामने आया है। जब तक ठेकेदार सड़क को निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार सुधार नहीं देता, तब तक उसका भुगतान नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए आगे-पीछे ठेकेदार मिल जाते हैं।

*'ठेकेदार मिलना एक प्रक्रिया है। काम देर से हो, लेकिन गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। घटिया सड़क का भुगतान नहीं करेंगे।'*

**-राजेंद्र राठौर, एमआईसी सदस्य एंव जनकार्य प्रभारी**

समय पर भुगतान नहीं मिलने से ठेकेदारों की पूंजी फंस जाती है। ऐसे में नए काम लेने का जोखिम बढ़ता है, यहीं कारण है कि काम से दूरी बनाना हमारी मजबूरी है।

**-अंकित चौहान, ठेकेदार**

# तीसरे सावन सोमवार पर आस्था की दरकार



गोपेश्वर



गेंदेश्वर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आज पवित्र सावन मास का तीसरा सोमवार है और भोले बाबा के भक्त आज सुबह से शिवालयों में पहुंचकर भगवान के जयकारे भी लगा रहे हैं और दूध व जल से अभिषेक भी कर रहे हैं। भगवान के प्रिय बिल्व पत्र और धतूरों का अर्पण भी हो रहा है। आज सुबह से सभी शिव मंदिरों में आस्था की दरकार भीड़ के रूप में नजर आ रही है। कई मंदिरों में आज दोपहर व शाम अलग-अलग कीर्तन के आयोजन रखे गए हैं, कई मंदिरों में दोपहर से शाम अलग-अलग खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी होगा। आज मंदिरों में विशेष रोशनी और कई मंदिरों में पुष्पों से श्रृंगार भी शाम को दर्शन के रूप में होंगे। कई जगह बाबा का श्रृंगार देखने लायक होगा, आज सुबह पूजा, अभिषेक के आयोजन हो रहे हैं और शाम को दर्शन के लिए भी कतारें लगेंगी।



# कुम्हारखाड़ी में सुबह पूजन शाम से मेला, फिर दंगल



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कुम्हारखाड़ी में प्राचीन नाग मंदिर में भी सुबह से आस्था की भीड़ है। आज सुबह से श्रद्धालु प्राचीन नाग मंदिर में पहुंचकर नागदेवता को दूध अर्पण कर पूजन कर रहे हैं। महेश कश्यप ने बताया कि आज सुबह से मंदिर में बड़ी कतार श्रद्धालुओं की लगी है। यहां शाम को मेला भी लगेगा। युवा मंडल भजनों की प्रस्तुति देगा। यहां डंडे का खेल, भांगड़ा नृत्य का आयोजन भी किया जाएगा। शाम के बाद दंगल का आयोजन भी होगा, जिसमें नामी पहलवान मौजूद रहेंगे। आयोजन में कई राजनेताओं और सामाजिक लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। मेला में जहां परिवार के साथ लोग पहुंचेंगे, वहीं दंगल में कुश्ती प्रेमी भी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। आयोजन से महेश कश्यप, रमेश पानवाला, नर्मदा पहलवान, प्रेमदास नेताजी, रमेश कश्यप, हुकुमचंद कश्यप, श्याम अग्रवाल, प्रहलाद कश्यप, जगदीश कश्यप, नितिन कश्यप सहित कई लोग जुड़े हैं। मेला में झूले, चकरी और दुकानें भी लगाई गई है।

# आज सोमवार पर नागपंचमी ने बढ़ाई पूजन की आस्था

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज संयोगवश सावन के तीसरे सोमवार को मुख्य नागपंचमी आई और आज सुबह से नाग देवता के पूजन का आयोजन किया जा रहा है। छत्रीबाग स्थित नाग बांबी पर आज सुबह से मातृशक्तियां श्रद्धालु बनकर नाग देवता का पूजन करने पहुंच रही है। नाग मंदिरों में भी पूजा की जा रही है। शिवलिंग पर स्थापित नाग देवता की पूजा आज भोलेनात के साथ की जा रही है, यह एक अलग ही संयोग है, जो 23 साल बाद बना है। आज ज्यादातर घरों में दाल-बाटी बनाई गई है।





पुरानी मान्यता है कि आज घरों के किचन में फल-सब्जी चाकू से नहीं काटी जाती है और कई घरों में मान्यता है कि चावल की वस्तु नहीं बनाई जाती है, इसलिए ज्यादातर घरों में दाल-बाटी बनाई गई है। कुल मिलाकर आज भोलेनाथ और माता पार्वती के साथ शिव परिवार की पूजा का सोमवार नाग देवता की पूजा के संयोग को भी बनाकर आज श्रद्धालु भगवान और नागदेवता की पूजा कर रहे हैं। कुम्हारखाड़ी नाग मंदिर में भी आज सुबह से बड़ी कतार नजर आ रही है।



# सुखदेश्वर महादेव निकले भक्तों को दर्शन देने

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सुखदेव नगर एक्सटेंशन स्थित श्री सुखदेश्वर महादेव मंदिर से श्री सुखदेश्वर महादेव की शाही सवारी शाही लवाजमे के साथ निकली। बाबा ने भक्तों को यात्रा में दर्शन दिए। बाबा और श्रद्धालुओं का स्वागत भी किया। बच्चे महापुरुषों की वेशभूषा में नजर आए। आकाश शर्मा ने बताया कि पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, संजय शुक्ला, श्याम माहेश्वरी, कैलाश ठाकुर, विनोद शर्मा, विष्णु मालवीय, नमन बागोरा, मोहित जैन, लखन यादव, अंकित सोनी, योगेश जगताप, लोकेश शर्मा, विपिन पंडित, अश्विनी शुक्ला, विकास अवस्थी, विवेक शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, गगन यादव के अलावा संत, महंत भी मौजूद रहे।



# कांग्रेस नेता ने लगाया सिख समाजजनों के साथ मिलकर शिविर

## 400 से अधिक लोगों की जांच, चश्मों का भी वितरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कांग्रेस नेता सन्नी राजपाल ने गुरुद्वारा दशमेश दर्शन, बैराठी कॉलोनी में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया। बड़ी संख्या में सिख समाजजनों के अलावा कांग्रेस नेता भी जांच कराने पहुंचे। राजपाल ने कहा कि 450 लोगों की आंखों की जांच की गई, 250 लोगों को चश्में वितरित किए गए।




अब चिह्नित किए मोतियाबिंद लोगों के ऑपरेशन न्यूनतम शुल्क पर कराए जाएंगे। सिख समाज के वरिष्ठजनों से लेकर कांग्रेस के वरिष्ठजन भी इस शिविर में पहुंचे थे। सज्जनसिंह वर्मा, अभय वर्मा, हरपाल मोनू भाटिया, विपिन वानखेड़े, दिलीप राजपाल, गिरीश चितले, मनजीतसिंह राजपाल, प्रितपालसिंह भाटिया, रघुवीरसिंह खनूजा, सतवीरसिंह छाबड़ा, देवेंद्रसिंह यादव, देवेंद्रसिंह गांधी, मोनू बग्गा, रविंद्रसिंह माखीजा, शैलेंद्रसिंह राजपाल, जगदीश जांबेकर, बबलू बेजोड़, गणेश वर्मा, हन्नी राजपाल, हीरालाल कनाड़े सहित अन्य मौजूद थे।



# नंदीश्वर कांवड़ यात्रा उज्जैन रवाना

इन्दौर। ओंकारेश्वर से इन्दौर आकर नंदीश्वर कांवड़ यात्रा बोल बम के जयकारे के साथ उज्जैन महाकाल के लिए प्रस्थान हुई। गायक नितिन भगवान एवं तृषा सुथार भजन गाते चल रहे थे। यशोधन जैन,धनंजय अनीत जैन ने उक्त जानकारी दी।

# प्रफुल्ल टाकीज परिसर में आयोजन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कांग्रेस नेता राज कुमार टॉंक के कार्यक्रमों को आगे बढाते हुए प्रफुल्ल टाकीज पर झंडा वन्दन किया गया। इस अवसर पर राजेश जोशी, लक्की टॉंक, गोलू सिरसवाल, विपीन टॉंक, संजू पहलवान, रामलाल पहलवान, बालकिशन मकवाना सहित उपस्थित थे।

# राजराजेश्वरी मातृशक्ति कावड़ यात्रा में मौजूद भाजपाई

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राजराजेश्वरी मातृशक्ति कावड़ यात्रा का आयोजन पालदा से अग्रसेन चौराहा स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर तक गया। सुनील पुरोहित, ललित यादव के नेतृत्व में रास्तेभर भजन कीर्तन और भगवान के



जयकारे भी लगे। भगवान मनकामेश्वर महादेव का जलाभिषेक मंदिर में किया गया। विधायक राकेश शुक्ला, पार्षद मृदुल अग्रवाल, हरप्रीत सिंह बक्षी, पुरुषोत्तम जायसवाल, रितेश वीरांग, आशीष शर्मा, यश सैनी, राहुल शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।



# एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष रहे मौजूद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष इंदौर आए और झंडा वंदन के बाद होटल राजशाही पेलैस में कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया और सभी से मुलाकात की। जावेद पठान, डॉ फेजल ने इंदौर की पूरी टीम के साथ उनका इस्तकबाल किया।

# प्रकाश मानावत का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश पुलिस नारकोटिक्स विंग, द्वारा पलासिया स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नारकोटिक्स विंग के डीआईजी कुमार प्रतीक ने सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश मानावत को नशामुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवा के लिए सम्मानित किया गया। अधिकारी संतोष हाडा, अजय कुमार शर्मा और समाजसेवी दीपक कुमार मौजूद थे।






# हेड़ा दंपति का हुआ विशेष सम्मान

## लाइफ इंश्योरेंश कम्पनी ने किया आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लाइफ इंश्योरेंश कम्पनी एलआईसी और डिविजन ऑफिस ने कम्पनी से जुड़े अच्छे कार्य करने वालों का सम्मान किया। माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष के साथ लायंस क्लब इंदौर यूनिक से भी डॉ. चन्द्रप्रकाश हेड़ा जुड़े हुए हैं। चन्द्रप्रकाश हेड़ा के साथ उनकी पत्नी विनिता हेड़ा का सम्मान श्रेष्ठ व्यापार देने पर किया गया। इस दौरान एलआईसी के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राकेश तनेजा, मार्केटिंग मैनेजर परमीत बिलैया, रविदत्त, विक्रय प्रबंधक रोहित प्रसाद, मैनेजर सीएलआईए नितिन तलगावकर के द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह में एलआईसी अधिकारी, विकास अधिकारी, सीएलआईए एवं एजेंट सहित 1000 से अधिक लोग मौजूद थे। इनकी मौजूदगी में हेड़ा दम्पति का सम्मान किया गया।

## बड़ी संख्या में महिलाओं ने उठाई कावड़

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 2 के सुखलिया से बड़ी संख्या में महिलाओं ने कावड़ उठाई और बोल बम के जयकारे गुंजाए। यह कावड़ यात्रा सुखलेश्वर महादेव से गेंदेश्वर महादेव परदेशीपुरा पहुंची, जहां मातृशक्तियों ने भगवान का अभिषेक किया। कमलसिंह चौहान, राजकुमार सुनहरे, विनीता



धर्मेंद्र मौर्य, दिलीप चौहान, सविता हरिशंकर पटेल, महेंद्र चौधरी, रोहित चौधरी, रिंकू तलवाड़िया, शेखर तलवाड़िया, सोनू ठाकुर, मीरा दुबे, प्रतीक चौहान, हेमंत सिंह चौहान, मनीष गुप्ता, मनीष बेंडवाल, संजू साहू, गोलू महावर, कैलाश जोशी, कपिल चौधरी, उषा चंदर खमरोला, कविता जीतू जरिया, पूजा विक्की खमरोला मौजूद थे।



## मां नर्मदा में आस्था की डूबकी और जय रणजीत की गूंज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** रणजीत हनुमान भक्त मंडल द्वारा कल महेश्वर में नर्मदा तट पर सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भक्तों ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई और जय रणजीत की जयकार भी की। दीपक जाधव ने सुन्दरकांड पाठ किया।



## माहेश्वरी संस्कृति ने की आउटिंग सभा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था माहेश्वरी संस्कृति ने आउटिंग सभा का आयोजन किया। स्वर महादेव, रोकड़े हनुमान, होरी हनुमान के दर्शन भी किए और महू क्षेत्र के प्राकृतिक स्थानों को भी निहारा। मुनीश-किरण मालानी, बालकृष्ण-सरिता राठी, मुरलीधर-पुष्पा सोनी, डॉ. नवींद्र-सुनीता तोतला, राजेंद्र-विभा अगीवाल, प्रकाश-बृजबाला सोमानी, योगेश-हेमा नागोरी, शरद-सरला साबू, सूर्यकांत-रजनी काबरा, राधाकृष्ण- कल्पना जाखेटिया, मनीष कल्पना जाखेटिया, विवेक-भारती झवर, अजय हेमा बियानी, मुकेश विनीता सारडा मौजूद थे।



## कांग्रेस नेता और लकड़ी व्यापारी रहे मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कांग्रेस नेता सुनील पाल ने संस्था जय शिव शक्ति मित्र मंडल एवं पाल युवा महासंघ के बैनर तले जीएनटी मार्केट लकड़ी मंडी में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और लकड़ी व्यापारी मौजूद रहे। पुखराज पावेचा, पुरुषोत्तम पटेल, चुन्नी पटेल, गुरुचरण छाबड़ा, गुरनाम सलूजा, गंगा भारती, अमजद, दीपक पाल, रतन पाल, कादर, अमित वर्मा, मुकेश बड़के, राहुल पाल, मुकेश सोनी, रजत भारती, राकेश चौहान, पप्पू गोयल, मुन्नालाल यादव, अनिल, अंकित देवड़ा, चेतन पाल, दीपक यादव, प्रथम पाल, माधव कारनकर, सतीश पाल, राकेश पाल, कान्हा, भज्जी, करण सहित अन्य मौजूद थे।

## कुमावत समाज की महिलाओं ने किया आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कुमावत सखी महिला मंडल द्वारा तीज महोत्सव का आयोजन धार रोड स्थित होटल में किया। पारम्परिक वेशभूषा में मिस एंड मिसेज तीज, मेहंदी सजाओं, पारंपरिक वेशभूषा में रैंप वॉक, एकल और समूह नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान कई मनोरंजक खेल और क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। खुशी कुमावत, गीता कुमावत, कोमल कुमावत, अनिता कुमावत, अतिका कुमावत, सुनीता कुमावत, कौशल्या कुमावत, निशा कुमावत का विजेता पर सम्मान किया गया। वरिष्ठ महिलाओं का भी सम्मान हुआ। उषा कुमावत, उमा कुमावत, किट्टू कुमावत, बरखा कुमावत, मेघना कुमावत, विमला कुमावत, सुमन कुमावत, वंदना, सोनी कुमावत, रंजना कुमावत, सुलोचना कुमावत, भारती कुमावत, सरिता कुमावत, इंदु कुमावत, शोभा कुमावत उपस्थित थी।

## श्रीजी के अभिषेक एवं शांतिधारा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, सुदामा नगर में गणाचार्य सिद्धांत सागरें म.सा. के सानिध्य में अभिषेक ग्रुप द्वारा अभिषेक शांतिधारा का आयोजन किया। निर्मल पाटनी, कमल रावका, विमल झांझरी, विपिन पाटनी, पीयूष रावका सहित अन्य मौजूद थे।

## नामदेव छीपा समाज की महिलाओं का लहरिया आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री नामदेव छीपा जागृति महिला संगठन ने खजराना गणेश मंदिर में लहरिया उत्सव का आयोजन 60 मातृशक्तियों की मौजूदगी में किया गया। रस्सी कूद, रस्सा खींच, आँख मिचौली, कबड्डी,जैसे खेल खेले गये। सभी महिलाओं को हरे रंग की चूड़ियां पहनाई गई। समाज की मातृशक्ति द्वारा भजन किए गए जिन




पर बहुत सी माताओं बहनों द्वारा सुंदर नृत्य किया गया। मनोरमा आसरमा, फूल जनवासिया, अनिता जाचपूरे, अर्चना कंजोडिया, प्रीति टोरिया, संगीता रंजन पंवार, मीरा गोठानिया, अरुणा झरिया, लीला ढावटिया, भारती नामदेव, सुनयना गुजरानिया, पूजा रोहित गोठानिया, नीता नामा, मेघा गोठरवाल, अंकिता राइवल मौजूद थी।

## करणी सेना के अध्यक्ष बनने पर महेन्द्रसिंह का स्वागत



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माँ करणी सेना के महानगर अध्यक्ष बनने पर ठाकुर महेन्द्रसिंह बेस को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। धर्मेन्द्रसिंह गौतम, राजकुमार भदौरिया, बाला ठाकुर, यादवेंद्रसिंह गौर, ईश्वरसिंह राठौड़, ठाकुर जगदीशसिंह, अशोक चौहान, हर्षित ठाकुर, विवेक चौहान, अजीत तिवारी, नवीन गोधा, ठाकुर जगदीशसिंह, विशाल राणा, सोनू शर्मा, जितेंद्र परिहार, युवराज भदौरिया उपस्थित रहे।



## सांवरिया सेठ के दर्शन के लिए निकले श्रद्धालु

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खजराना गणेश मंदिर में भगवान सांवरिया सेठ से जुड़े श्रद्धालु एकत्रित हुए और फिर यहां से राजस्थान के सांवरिया सेठ के लिए यह श्रद्धालु पैदल रवाना हुए। लड्डू पैनल संगठन के बैनर तले इस आयोजन का नेतृत्व चंदू रावल, बाबू ठाकुर कर रहे हैं।

## स्वर्णकार महिलाओं ने मनाया महोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार



समाज की महिलाओं ने हरियाली महोत्सव मनाया। हंसा खत्री, पिंकी वर्मा ने बताया कि मातृशक्तियों के अलावा बच्चों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

## ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन गांधी हाल में किया गया। 150 से अधिक ज्योतिष, वास्तु, हस्तरेखा, टैरो रीडर मौजूद थे। सम्मान भी किया गया। संतोष वाधवानी, ऋचा अग्रवाल, श्रद्धा सोनी, संजय शर्मा, पम्मी बाबा, मनोज अग्रवाल, राजकुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## जैन ग्रुप के शिविर में 190 मरीजों ने कराई जांच

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोईथराम नेत्रालय आरोग्य भारती संस्था के संयुक्त तत्वाधान मे पब्लिक स्कूल गोविंद कालोनी में लगे नेत्र शिविर में 190 मरीजों ने लाभ लिया, 22 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन चोईथराम हॉस्पिटल में निःशुल्क होंगे।



जरूरतमंद को 95 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए। डॉ. आरएन मिश्रा, अनोखीलाल जैन, सुरेश देशलहरा, भंवरलाल कासवा, सुभाष गोखरु, डॉ. जितेन्द्र पारख, किरण संचेती, अरविन्द चौधरी, महेश डकोलिया, पारस कटारिया, चन्द्रकुमार फ़तेपुरिया, संजय पवार, राजेश यादव, रमेश शर्मा, प्रदीप मौर्य का सहयोग रहा।

## गुर्जर गौड़ महिला महासभा की कार्यकारिणी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री गुर्जर गौड़ जिला महिला महासभा इंदौर की कार्यकारिणी का गठन शीला शर्मा की उपस्थिति में किया गया। अध्यक्ष सुबेला पंकज पंचोली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष -विजय सुरेंद्र शर्मा ,सह उपाध्यक्ष नमिता मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष रूही शर्मा, महामंत्री किरण सुनील जोशी, वरिष्ठ सचिव सुनीता अशोक व्यास, सहसचिव पूर्णिमा संदीप जोशी, उपसचिव पूजा निलेश शर्मा, प्रधानमंत्री अर्निका व्यास, उपप्रधानमंत्री





सविता तिवारी, वरिष्ठ कोषाध्यक्ष मीना सुरेंद्र पंचोली, उपकोषाध्यक्ष स्वाति जितेंद्र तिवारी, उपकोषाध्यक्ष प्रीति नीरज पंचोली, प्रबंधक वर्षा तिवारी, उपप्रबंधक पुष्पा शर्मा को मनोनीत किया गया। अन्य प्रकोष्ठ के गठन में सरोज दुबे, शशि व्यास, प्रमिला उपाध्याय, मनोरमा पंचोली, जया शर्मा, रंजना शर्मा, रेखा शर्मा, नमिता व्यास, जमना शर्मा, रेखा साकंवा, नेहा शशांक जोशी, ललिता शर्मा,प्रीति पंकज तिवारी, सुधा जोशी, नम्रता चौबे, निर्मला शर्मा, सुमन जोशी, संगीता साकंवा क़ी नियुक्ति हुई।



## रहवासी संघ ने किया बच्चों को पुरस्कृत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री पंजाब अरोडवंशीय समाज एंव ट्रस्ट द्वारा स्वतंत्रता दिवस अवसर पर कार्यक्रम के बाद देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति हुई। बच्चों के लिए प्रतियोगी गैम्स आयोजित कर उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। संजय अरोरा, नवीन जुनेजा ने उक्त जानकारी दी।



## हूमड समाजजनों ने किया मंचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री हूमड जैन समाज ट्रस्ट के मंच से 'मैं वीर सावरकर-अंश मात्र' के एकांकी मंचन किया गया। नीलमाधव भुसारी ने वीर सावरकर पर अंग्रेजों द्वारा किए गए भीषण अत्याचारों का भी मंचन किया तथा उनके जीवन की अनेक सत्य घटनाओं का जीवंत मंचन अत्यंत आकर्षक अंदाज में किया। अरविंद बंडी, संजीव तलाटी, श्वेता संजय बंडी, यशपाल जुंवा, सोनाली बागड़िया सहित अन्य मौजूद थे।

## महावीर कीर्ति स्तंभ पर सेवा कार्य

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, महावीर ट्रस्ट एवं दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के संयुक्त तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महावीर कीर्ति स्तंभ, रीगल तिराहा पर स्वतंत्रता दिवस आयोजन के बाद सेवा कार्य में आर्टिफिशियल पैर भी प्रद्त किया गया। मनोहर झांझरी, राकेश जैन विनायका, डी.के. जैन, आर.के. जैन, हसमुख गांधी,



टी.के. वेद, बाहुबली पांड्या, कीर्ति पांड्या, सुशील पांड्या, राजेंद्र सॉनी, आशीष जैन सुतवाले, रमेश बडजात्या, देवेंद्र छाबड़ा, विजय काला, वितुल अजमेरा, रितेश पाटनी, संजय जैन,प्रदीप चौधरी, संजय पापडीवाल, अतुल गोयल, मयंक काला, दिनेश जैन, नितेश, अंशुल जैन, अनूप गांधी, शशि सोनी, सुनील जैन, प्रवीण जैन सहित अन्य मौजूद थे।



## नवकार मंत्र जाप

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन युवा परिषद के तत्वाधान में कल सामूहिक नवकार मंत्र जाप क़ा आयोजन किया गया। अशोक डांगी, अरविन्द बाफना, अजीत चौधरी, अशोक सुराणा, विजय नाहर, सौभागमल झामड, वीरेन्द्र सुराणा, वीरेन्द्र मारु, विमल तांतेड, विकास भंडारी, विक्रम श्रीमाल, रीतेश बाफना, हर्ष मेहता, रवि बाफना, नीलेश चौहान, रीतेश पोखरना मौजूद थे। कार्यक्रम में अरुण मुनि म.सा. सुभाष मुनि म.सा. के आशीर्वचन भी प्राप्त हुए।लाभार्थी हर्षिल, बसंतीलालजी एवं विकासजी भंडारी परिवार रहे।



## कवियों ने किया युवाओं में ऊर्जा संचार का काम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सियागो फाउंडेशन द्वारा छह कवियों के माध्यम से युवाओं को जोश और संचार भरने का काम किया। प्रतिभा सम्मान का आयोजन भी किया गया। रुद्राक्ष भी वितरित किए गए। आराध्य गर्ग, आदित्य आर्य, गौतम सोलंकी, मनीष गुर्जर, वंश चौधरी, वैष्णवी कसेरा का सम्मान किया। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, दीपक जैन टीनू, भाजपा पर्नेलिस्ट सागर कसेरा, यश कसेरा मौजूद थे।

## शिवधाम में आज नाग लोक दर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री गेंदेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर शिवधाम पर आज नागपंचमी पर विशेष नाग लोक श्रृंगार दर्शन होंगे। झांकी सजाई गई है, जिसमें नाग देवता भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करते हुए दिखाई देंगे। सुमित मधुराज भजनों की प्रस्तुति देंगे। रात 8 बजे तांडव आरती होगी। आज शाम से देर रात तक श्रृंगार दर्शन होंगे। आज सुबह से शिवधाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव अभिषेक करने कतारबद्ध होते नजर आए।



## पालीवाल समाज के 101 सदस्य निकले कावड़ यात्रा पर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी उत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित कावड़ यात्रा इस वर्ष रजत जयंती वर्ष में प्रवेश करते हुए नर्मदाजी का जल कावड़ में भर कर 101 सदस्यों का दल ओंकारेश्वर से बोल बम के जयकारों के साथ रवाना हुआ। चतुर्थ विश्राम उज्जैन में कर 19 अगस्त को सुबह बाबा महाकाल का जलाभिषेक कांवड़ यात्रियों द्वारा श्रद्धा के साथ किया जाएगा। राकेश जोशी, ललित पुरोहित, शांतिलाल जोशी, हरलाल पालीवाल एवं अन्य उपस्थित थे।

## राजपूत समाज ने कराई शहीदों के नाम गायन प्रतियोगिता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सर्व राजपूत समाज धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा शहीदों के नाम' गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



10 विद्यालय के विद्यार्थियो ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। विजेता छात्रों को नगद राशि देकर पुरस्कृत भी किया गया। सांत्वना पुरस्कार भी दिए। निर्णायक प्रीति किलेदार, डॉ. अमन काज़ी एवं हर्षलता सिंह थे। वीरेन्द्रसिंह तोमर, किशोरसिंह पंवार, उत्तमसिंह वालिया, दीप्ति सिंह हाडा, माला ठाकुर, कुंदनसिंह चौहान, सुनील यादव, गजेंद्र नारंग, मनजीत, कीर्तिराज सिंह, अशोक सिंह चौहान, संतोष मंडलोई, सुमित लुहाड़िया मौजूद थे।



## मठ पर झूला महोत्सव

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

बिजासन रोड स्थित हंसदास मठ पर झूला महोत्सव की शुरूआत हुई। लड्डू गोपाल को श्रद्धालु झूले में झुला रहे हैं। गोपाल सहस्त्र नाम पाठ भी किया गया। आज हंसेश्वर महादेव का श्रृंगार नाग चन्द्रेश्वर के रूप में किया गया। पवनदास महाराज मौजूद रहे।

# फेडरेशन कार्यालय पर देशभक्ति के नारे



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के पोलोग्राउंड स्थित ऊर्जा परिसर कैंपस में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर भारत माता की जय के नारे गुंजाए, राष्ट्र गान किया गया। एनके यादव, मदन वर्मा, उम्मेदसिंह राजपूत, जे. एल. जोशी, संजय सकरगाये, प्रेमचंद गुप्ता, जी.एल. मैनारिया, आत्माराम खरेड़िया, पुरुषोत्तम दीपके, सतीश पुंडलिक, अंबादास काले, मो. यूनुस खान, कन्हैयालाल लाइनमैन, अमन खरेड़िया, राहुल, सरवर कौशल, भेरूलाल बोरदिया, राजू काले, किशोर सोनी, करचन डावर, प्रदीप द्विवेदी एवं रामचन्द्र नागपुरे मौजूद थे।

## विद्यालय के विद्यार्थी रहे मौजूद



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पायोनियर समूह ने कान्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों के बीच देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियाँ, देशभक्ति गीत, भाषण, कविता, नृत्य का आयोजन कराया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रशांत जैन, डॉ. ईशा जैन, डॉ. कुमकुम सिंह, रश्मि हरकरनी, प्रियंका दुबे, शिक्षक, विद्यार्थी मौजूद थे।

## भिचौली हप्सी में आयोजन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। स्वतंत्रता दिवस पर भिचौली हप्सी के बन्ना मालवीय अंबेडकर के निवास मां विष्णु भवन में ध्वजारोहण आयोजन किया गया। वहीं मालवीय बलाई समाज धर्मशाला में ध्वजारोहण, शासकीय हाई स्कूल भिचौली हप्सी में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। बन्ना मालवीय अम्बेडकर, निर्भयसिंह चौहान, देवकरण मालवीय, तेजु मालवीय, घनश्याम परमार, करनसिंह चौहान, राकेश चौहान, संजय मालवीय, अरुण मालविया, बलराम चौहान, सुशील मालवीय, राहुल मालवीय, मनोज राठौर, सुरेश लाइनमैन, सीमा मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

## इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन का ध्वजवंदन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। स्वतंत्रता दिवस पर पोलोग्राउंड इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन ने बडी संख्या में उद्योगपतियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण, ध्वज वंदन का आयोजन किया। अतिथि अजय सीतलानी, गोविन्द सुखेजा थे। सामूहिक भोज का आयोजन भी हुआ। धनंजय चिंचालकर सी एम जैन,राजेंद्र सुखेजा जे पी नागपाल, संजय पटवर्धन, राजकुमार हरयानी, सुनील पंवार,पंकज काले, तेज गढ़ा मौजूद थे।

## सरकारी स्कूल में मनाया पर्व



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। एकीकृत शासकीय हाईस्कूल लसूड़िया मोरी में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई। भूषण सराफ, संतोष सिंधिया, प्रमिला सेंगर,किशोर वाडिया, राकेश मालवीय पेंटर, मोहन पोलाया, कृष्ण मालवीय,नीलेश परमार, अशोक सोलंकी, राकेश सोलंकी, नीलम सिन्हा, गायत्री सुनहरे, शिखा राजोरिया सहित विद्यालय के शिक्षक सुरक्षा मिश्रा, प्रीति बुखारिया जैन, शिल्पा जोशी, मनीषा व्यास, मनीषा जैन, कविता टाटावत, स्मिता तापसे, मीता शर्मा,भारती सिंह, राकेश गेहलोत, सीमा जैन, पूनम शर्मा, शोभना पाल, अलका श्रीवास्तव, किरण बिंजवा, सुशील बिलवाल, अखिलेश पंवार, तरुण पाटीदार, सुरक्षा मिश्रा, दिनेश परमार सहित अन्य मौजूद थे।

## पुलिस पेंशनर संघ का आयोजन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर संघ द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह दुर्गा माता मंदिर एमटीएच कम्पाउंड पर आयोजित किया गया। वीर रस कविताओं की प्रस्तुति भी हुई। जीएस तिवारी, केएस बुंदेला, वीएस कुशवाह, औंकारसिंह भदौरिया, आर.के. शुक्ला, सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, पी.के. प्रधान, शिवमूरत यादव, देवीलाल जोशी, कमलसिंह गहलोत, केएस साहू, अनीश खान, राजकुमार दीक्षित, अश्विनी चतुर्वेदी, राधेश्याम शर्मा, सुरेन्द्र सिंह जाट, दारासिंह, टेकचंद, विजेन्द्र शर्मा, कृष्ण मुरारी दुबे, प्रताप सिंह चौहान, अभिलाष शर्मा, विजेन्द्र रघुवंशी, युधिष्ठिर सिंह रघुवंशी, बृजराजसिंह, महेश निगम, सुदामा प्रसाद भार्गव, मदन मोहन शर्मा, किशोरीलाल, संतोष पाठक, गौरीशंकर पाराशर, बालकृष्ण यादव, शेरसिंह तोमर, दुर्गाप्रसाद अवस्थी, बाबूसिंह कुशवाह, हरिराम मेजर, रामप्रताप बाजपेई, प्रकाश शाही मौजूद थे।

## रैली निकाली गई



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। यशवंत क्लब के मार्निंग ग्रुप ने क्लब से गांधी प्रतिमा तक देशभक्ति पर आधारित भारत माता के जयकारों के साथ रैली निकाली।

## भारत माता के जयकारे लगे



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। लक्ष्मीदत्त गोपालदत्त शास्त्री मार्ग पर राकेश शास्त्री, बसंतीलाल पांडे, ओमप्रकाश, उमेश पारीख, राजकुमार शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रीतमलाल सावलानी, राजेन्द्र बाबेल, अनिरुद्ध शर्मा, पुष्पा जोशी, टीना शास्त्री, सरिता तिवारी, योगिता शास्त्री, राधेश्याम गुप्ता, नरेन्द्र लक्ष्मणसिंह चौहान की मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा ध्वज के साथ भारत माता की जय, वन्दे मातरम् का गान भी हुआ।

## संगीत संध्या आयोजित

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रीतमलाल दुआ सभागृह में जय रणजीत म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले 'सावन का महीना... पवन करे शोर' सदाबहार फिल्मी गीतों की भव्य संगीत संध्या आयोजित हुई। 35 ग़ीतों की प्रस्तुति दी गई।

## सर्व सेवा कल्याण समिति का आयोजन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। स्वतंत्रता दिवस पर श्री सर्व सेवा कल्याण समिति का ध्वजारोहण और एक शाम राष्ट्र के नाम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। संस्था ने विधानसभा एक के कई स्थानों पर ध्वजारोहण किया। अजय कुशवाह ने उक्त जानकारी दी।

## मानवाधिकार परिषद ने किया पुलिस सम्मान



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भारतीय मानवाधिकार परिषद द्वारा भंवरकुआ थाना परिसर में स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के बाद पुलिस का सम्मान किया गया। थाना प्रभारी संतोष दुधी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं एसीपी कार्यालय गांधीनगर झोन में निधि सक्सेना का भी सम्मान किया। ऋतु छाबडा, सीमा ओझा, सना खान, मंजू शर्मा, अलीशा खान, पिंकी रोशन, गुलनाज़ शेख,फरीदा खान, सलीम शेख, संदीप सोनी, कमल ओझा, संजय तिवारी, तौसीफ शेख, हुसैन, जुबैर खान, वीरभान सिंह, शोभा जामले, प्रिंसी एवं अन्य मौजूद थे।

## कौली समाज लेगा न्यायालय की शरण



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली, दिनेश वर्मा, अशोक वर्मा, प्रहलाद टाटवाल, ईश्वरलाल सनोटिया, ओमप्रकाश धीमान ने बताया कि ठीक एक वर्ष पूर्व महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने दशहरा मैदान में संजीवनी क्लिनिक के लोकार्पण समारोह में जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट एवं सांसद शंकर लालवानी की मौजूदगी में अन्नपूर्णा रोड स्थित दरगाह चौराहे का नामकरण वीरांगना झलकारी बाई के नाम पर करने तथा वहां घोड़े पर सवार उनकी प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की थी। अब प्रतिमा पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है, जबकि निगम ने दोहरा मापदण्ड अपनाते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगाने का त्वरित निर्णय लिया है। क़ोरी कौली समाज के नेताओं का कहना है कि स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा के मामले में 2011 के न्यायालयीन आदेश का हवाला देकर प्रक्रिया को टाला जा रहा है। अब इस मामले में समाज न्यायालय की शरण लेगा।

## भारत विकास परिषद का कार्यक्रम



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भारत विकास परिषद की सेवा शाखा एवं मालवा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में उषानगर स्थित शिव मंदिर परिसर में भारत माता पूजन, ध्वजा रोहण, राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम् का आयोजन किया गया। राजकुमार जैन, राजकुमार साबू, हरप्रीत कौर लूथरा, विमल लालावत, संतोष साबू, सुधीर देडगे, राकेश होल्कर उमेश राठी, मनीष बिसानी,सुनील माहेश्वरी, उज्जवल शुक्ला, महेश तोतला, वैभव माहेश्वरी, राजेन्द्र मंत्री, पंकज गांधी, गुंजन सोमानी, सुदर्शन जटाले, राजेंद्र गुप्ता, सीमा माहेश्वरी, अक्षत झंवर, मनीष जखेटिया, दीपक सोमानी, राम गांधी, नरेंद्र पाटीदार मौजूद थे।



## महालक्ष्मी नगर में देशभक्ति का जयघोष

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महालक्ष्मी नगर एमआर-4 में आजादी का महोत्सव बना एकता, संस्कार और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक। अनुराग प्रताप सिंह,डॉ. संतोष सिंह ठाकुर, राहुल बना, दरबारसिंह, मोहन सेंगर,नम्रता सिंह, कमलसिंह जादौन, अमितसिंह जादौन, राहुलसिंह पंवार, राजेन्द्रसिंह सिसौदिया, संजय कटारिया, गजेन्द्रसिंह चौहान, नरेन्द्रसिंह ठाकुर, हरेन्द्रसिंह चौहान, गणेशसिंह चौहान, गोपालसिंह पवार, मनजीत सिंह, करतीराज उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### पहनावा निजी पसंद, समाज को हस्तक्षेप का हक नहीं: जानिए महिलाओं के वस्त्रों पर दिल्ली हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी

महिलाओं के पहनावे नग्नता और स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए समाज को लड़कियों को टोकने के बजाय लड़कों का आचरण सुधारना चाहिए। इसमें कोई दोराय नहीं कि देश को आजादी मिलने के बाद बीते करीब आठ दशक का सफर जहां बहुस्तरीय विकास का जीवंत उदाहरण है, वहीं इस दौरान लोगों ने बहुत सारे उतार-चढ़ाव भी देखे। मगर इस सबके बीच एक संकल्प कायम रहा कि जिन तूफानों और मुश्किलों का सामना करके देश ने स्वतंत्रता हासिल की थी, उसकी गरिमा को कायम रखना और भविष्य को ज्यादा बेहतर बनाना सभी का दायित्व है। इसमें आमतौर पर सभी नागरिकों ने अपने स्तर पर अपनी सीमा में हर संभव योगदान दिया है और इसे कर्तव्य की तरह निभाया है। यही वजह है कि हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के आंदोलन को याद करते हुए देश के पास संतोष और उल्लास के साथ न केवल एक सुनहरे भविष्य का सपना होता है, बल्कि उसे जमीन पर उतारने का हौसला भी दिखता है। आबादी के ज्यादातर हिस्से के पास विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए अलग-अलग दौर की सरकारों ने जिस स्तर पर काम किया, उसे बहुत जटिल संघर्षों के बाद मिली स्वतंत्रता की गरिमा और सपने को नया आयाम देने के प्रयासों के तौर पर देखा जा सकता है। यों देश की उपलब्धियों को आजादी की लड़ाई के नायकों की भूमिका के आईने में देखना स्वाभाविक ही है, लेकिन हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संघर्ष की संवेदना को महसूस करने की अपनी अहमियत है। इस वर्ष भी यह उत्साह देश के अलग-अलग राज्यों में हर जगह दिखा। जाहिर है, इस अवसर पर जहां अतीत की उपलब्धियों को याद करना एक औपचारिक, लेकिन संवेदना से जुड़ा अध्याय है, वहीं भविष्य की बेहतरी के संकल्प भी जरूरी हिस्सा हैं। इसी संदर्भ में दिल्ली में लालकिले से प्रधानमंत्री ने भी एक बार फिर वक्त के सुनहरे अध्यायों को याद करते हुए देश को एक बेहतर भविष्य की दिशा में आगे ले जाने का संकल्प दोहराया। उनकी इस बात का अपना महत्त्व है कि देश के विकास के लिए बड़े सपने सोच का विस्तार करते हैं और दृढ़ संकल्प होने पर कठिनाइयों और आपदाओं के बीच से रास्ते निकालने की सामर्थ्य अपने आप सामने आती है। उन्होंने महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीब और मध्यवर्ग के परिवारों को साथ लेकर 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को दोहराया। विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए तैंतीस फीसद आरक्षण लागू करने के लिए सभी राजनीतिक दलों का आह्वान करने के साथ-साथ उन्होंने विकसित भारत बनाने के लिए 'शक्ति की सप्तधारा' का दृष्टिकोण भी साझा किया। दरअसल, यह देश की आत्मा में बसे उस जीवट का संकेत है, जिसका उदाहरण समय-समय पर दुनिया ने देखा है। यह सही है कि आज भी देश के सामने विकास की कसौटियों के समांतर अनेक जटिलताएं और चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं, लेकिन इन सबके बीच सामान्य स्थितियों से लेकर बेहद संवेदनशील और संकट जैसे हालात में भी लोगों ने धीरज के साथ देश की गति को बनाए रखने में अपना योगदान दिया है, जो वक्त के दस्तावेज में दर्ज होता रहा है। हालांकि आज भी सीमा पार और कई बार आंतरिक मोर्चों से मिलती चुनौतियां नई रणनीति के तकाजे की जरूरत को रेखांकित करती रही हैं, लेकिन देश ने अपना सफर जारी रखा है। यह बेवजह नहीं है कि आधुनिक तकनीक और दुर्लभ खनिजों के मामले में आज दुनिया भारत की ओर देख रही है। इसलिए यह उम्मीद स्वाभाविक है कि आजादी के बाद अब तक देश में जो मजबूत नींव तैयार हुई है, उस पर विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।

# रेस्टोरेंट में टेबल के नीचे सामान ढूंढने पर विवाद मुंह पर मुक्का मारकर तोड़ा दांत, कांटे से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित बायपास के ट्रीज़ल रेस्टोरेंट में खाना खाने गए एक परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दूसरी टेबल पर बैठे परिवार ने सामान गुम होने की बात पर विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौज करते हुए मुक्का मारकर युवक का दांत तोड़ दिया। बीच-बचाव करने आए परिजनों पर खाना खाने वाले कांटे और लात-घूंसों से हमला किया गया। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, सुदामा नगर निवासी राजा पिता शरद चौहान अपने परिवार के साथ कनाड़िया बायपास स्थित रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचे थे। उनके पास वाली टेबल पर बैठा एक अन्य परिवार भोजन कर बाहर चला गया, जिसके बाद उनका एक लड़का कुछ ढूंढते हुए वापस आया। पीड़ित ने सहूलियत के लिए उन्हें अपनी पुरानी टेबल के नीचे देखने की बात कही। इसी बात से नाराज होकर आरोपी परिवार अचानक रेस्तरां के अंदर दाखिल हुआ और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी जय ने पीड़ित के मुंह पर जोरदार मुक्का मार दिया, जिससे उनका सामने का आधा दांत टूट गया। इसी बीच आरोपी अनूप ने खाने वाले कांटे से हमला किया, वहीं मुस्कान नामक महिला ने पीड़ित, उनके भाई और भाभी के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। कनाड़िया थाना पुलिस ने आरोपी जय, अनूप और मुस्कान के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## गूगल पर डॉक्टर का नंबर ढूंढना पड़ा भारी

### रिटायर्ड अधिकारी को लगा 49 हजार रुपये का चूना

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र मे इंटरनेट पर डॉक्टर का मोबाइल नंबर तलाशना एक रिटायर्ड अधिकारी को बहुत महंगा पड़ गया। महज 20 रुपये के मामूली ऑनलाइन भुगतान के झांसे में आकर ठगों ने उनके बैंक खाते से 49 हजार रुपये साफ कर दिए।

पुलिस के अनुसार स्कीम नंबर 114 में रहने वाले 66 वर्षीय रिटायर्ड अधिकारी विनोद शर्मा पेट की समस्या से परेशान थे और शहर के जाने-माने गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. अस्मित चौधरी का अपॉइंटमेंट लेना चाहते थे। 14 जुलाई की सुबह उन्होंने डॉक्टर का संपर्क सूत्र पाने के लिए गूगल पर सर्च किया। सर्च के दौरान मिले एक नंबर पर जब उन्होंने फोन किया, तो खुद को अस्पताल की अपॉइंटमेंट बुकिंग स्टॉफ बताने वाली एक महिला ने कॉल रिसीव किया। महिला ने अपॉइंटमेंट पक्का करने के एवज में ऑनलाइन 20 रुपये ट्रांसफर करने को कहा।जब भुगतान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई, तो कुछ देर बाद दूसरे नंबर से एक अन्य व्यक्ति का फोन आया। कॉलर ने प्रक्रिया पूरी करने का झांसा देते हुए आधार नंबर और गोपनीय जानकारी मांगने की कोशिश की। सूझबूझ दिखाते हुए विनोद शर्मा ने तुरंत फोन काट दिया।कुछ ही मिनटों बाद उनके आईसीआईसीआईआई बैंक खाते से 1 रुपये कटने का मैसेज आ गया। यह राशि किसी 'महिमा' नामक अज्ञात महिला के खाते में ट्रांसफर हुई थी।

**घटना के तुरंत बाद बैंक खाता ब्लॉक करवा दिया**-हालांकि, अगले दिन जब वह 1 रुपया वापस उनके खाते में आया, तो उन्हें लगा कि शायद खाता ब्लॉक नहीं हुआ है। इसी गलतफहमी के चलते वह दोबारा बैंक पहुंचे और फिर से खाता ब्लॉक कराया। जब बैंक खाते के स्टेटमेंट्स की बारीकी से जांच की गई, तो पता चला कि ठगों ने दो अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 49 हजार रुपये पार कर दिए थे। ठगी की बात सामने आते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।धोखाधड़ी का अहसास होते ही पीड़ित ने फौरन साइबर हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए लसूड़िया थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है और साइबर सेल की मदद से ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

## वाल्मीकि कल्याण परिषद ने किया आयोजन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मध्यप्रदेश वाल्मीकि कल्याण परिषद ने देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया। सम्मान का आयोजन भी हुआ। देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति हुई। मनोज मेहना, पिंटू लश्करी ने बताया कि विशेष सम्मान हरीश बोयत का किया, वहीं सुरेखा तंवर, मुकेश लोट, इंदरिश चौहान, तेजराम कंडारे, अरविंद कल्याणे, उमाकांत काले, शिवाजी गायकवाड़, जितेंद्र रोकडे, राजेश गौड़, कमल मिमरोट, गौरव गवते, कुलदीप चौहान, नमिता दुबे, दिनेश परमार, दीपक गायकवाड़, डॉ. मधु मार्गेट, इंदिरा चौहान, खिलाड़ी, विराज घेघट, सोम्या बैगा, अर्चना गोसर, हर्ष लोयत का सम्मान किया गया। इस दौरान चिमन कल्याणे, नितिन पथरोड, मनीष डगर, धीरज नागर, मनीष, अरविंद सिंदल, बंटी गोहर, संदीप धौलपुरे, कमलेश सिंह, मनोहर महरौलिया, बैजू परदेशी मौजूद थे।

## चोरी और हिसाब के विवाद में कर्मचारी का मर्डर करने वाला रेस्टोरेंट संचालक गिरफ्तार

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में रुचि रेस्टोरेंट के कर्मचारी की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। घटना के बाद से फरार चल रहे रेस्टोरेंट संचालक को बाणगंगा थाना पुलिस ने कल देर रात घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने चोरी और हिसाब-किताब के लेन-देन में हुए विवाद के चलते कर्मचारी की पिटाई की और फिर रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में ले जाकर चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल करने की तैयारी कर रही है। हत्या की यह सनसनीखेज वारदात रविवार दोपहर की है।घटना गंगाबाग कॉलोनी के पास रेलवे ट्रैक से सटी झाड़ियों में हुई थी। मृतक श्रीराम पिता प्रभुसिंह राजपूत (55)निवासी शिवकंठ नगर, मूल निवासी सागर है, वह पिछले तीन सालों से शांति नगर स्थित रुचि रेस्टोरेंट में काम कर रहा था। रविवार शाम रेलवे ट्रैक पर खून से लथपथ शव पड़ा देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आवारा कुत्ते शव को नोंच रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया और जांच शुरू की। रेस्टोरेंट के अन्य कर्मचारियों से पूछताछ में सामने आया कि शाम के समय हिसाब में पैसे कम होने की बात पर संचालक राहुल और श्रीराम के बीच तीखी बहस हुई थी। वारदात के बाद से ही संचालक राहुल फरार था। पुलिस की टीम ने जगह-जगह दबिश देकर कल देर रात आरोपी राहुल को धरदबोचा।पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि श्रीराम रेस्टोरेंट में छोटी-मोटी चोरियां करता था और हिसाब में गड़बड़ी को लेकर दो दिन पहले भी उनका विवाद हुआ था। घटना वाले दिन बहस बढ़ने पर श्रीराम ने गाली-गलौज कर दी, जिससे आक्रोशित होकर राहुल ने पहले उसके साथ मारपीट की और फिर उसे खींचकर रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में ले गया, जहां चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक के परिवार में उसकी बुजुर्ग मां और एक बहन हैं। बाणगंगा पुलिस आरोपी से हत्या में इस्तेमाल चाकू की बरामदगी और मामले से जुड़ी अन्य कड़ियों को जोड़ने के अदालत से रिमांड की मांग करेंगी।

## कैंसर पीड़ितों की सेवा पर सहयोग राशि

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कैंसर पीड़ितों की 23 वर्षों से सेवा करने वाले रमेश दोशी का सुभाष चौक मित्र मंडल व कैंसर पीड़ित सेवा संस्थान ने सहयोग राशि भेंट कर सम्मान किया। योगेन्द्र जैन, रमेश दोशी, रजनीश चौरडिया, रमेश चौकसे, अनिल जैन, कांति टोंग्या, अशोक पाटनी, दिलीप वोरा मौजूद थे।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 150900 | 155128 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 232600 | 238120 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## फल व्यापारी से मारपीट कर लोडिंग के कांच फोड़े, तराजू भी तोड़ा

**इंदौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र में रोड पर फल व्यापारी के साथ मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। लोडिंग ऑटो पर फल जमा रहे व्यापारी के साथ दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की। इसके बाद बदमाशों ने गुंडागर्दी दिखाते हुए ऑटो के कांच फोड़ दिए और इलेक्ट्रॉनिक तराजू को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने आरोपियों और उनके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, मदीना गेट आजाद नगर निवासी फरियादी जब्बार पिता फरीद कृषि कॉलेज रोड पर अपने लोडिंग ऑटो वाहन पर फल जमा रहा था। इसी दौरान आरोपी कन्नू निवासी रमा बाई नगर अपने साथियो के साथ वहाँ पर पहुंचा और अकारण गाली-गलौज करने लगा। फरियादी ने जब गाली देने का विरोध किया, तो आरोपियों ने मिलकर उस पर हमला बोल दिया और जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद बदमाशों ने ऑटो में तोड़फोड़ करते हुए कांच फोड़ दिए और फल तौलने वाला इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी तोड़ दिया। विवाद की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। तिलक नगर थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# वरिष्ठजनों के लिए हेल्प लाइन सेवा शुरू होगी

## खासतौर से विदेश में रहने वाले बच्चों के माता-पिता के लिए सुविधा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था मित्र द्वारा वरिष्ठजनों को साथ देने के सहयोग, खुशियां और आपातकाल परिस्थितियों में मदद के लिए 23 अगस्त से 24 घंटे हेल्पलाईन आशीर्वाद शुरू की जा रही है। खासतौर से जिनके बच्चे विदेश में रहते है, माता-पिता अकेले रहते है, उनकी देख रेख, चिकित्सा, दैनिक कार्य मे मदद, और उनके मनोरंजन और खुशियों का ध्यान रखने के लिए संस्था उन सबको अपने साथ जोड़कर उनके, सम्मान पूर्ण जीवन के लिए कार्य करने की ओर अपनी पहली शुरुआत कर रही है। संस्था श्री जी वाटिका फूटी कोठी रोड पर 23 अगस्त दोपहर 3 बजे से इस हेल्पलाइन सेवा के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी रख रही है राकेश सपना बांठिया जैन-8959201008 ने बताया कि इस अवसर पर संस्था अपनी 3 टीम बना रही है जिसमे महिला पुरुष और युवा टीम के साथ संस्था सेवा, शिक्षा, संस्कार संबंधित कार्य की दिशा में अपना पहला कदम आगे बढ़ा रही है।

# नए मूंग की शुरुआत



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** छावनी अनाज मंडी में निमाड़ खरगोन से नाकोड़ा ट्रेडर्स के यहां से 7 कट्टे नया मूंग आया जिसे बालाजी पल्सेस के सौरभ संतोष गोयल ने मुहूर्त में 9001 में श्री गणेश सौदा दलाल अनिल खंडेलवाल के मार्फत खरीदा ।

## वाहन चालकों से संवाद में सुरक्षा का संदेश



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** यातायात जागरूकता के विशेष अभियान में यातायात प्रबंधन मित्र राजकुमार जैन, अरुण घोलप, आदित्य तिवारी, श्याम बिहानी, मुरली खंडेलवाल, हर्ष माहेश्वरी एवं संगीता तिवारी ने वाहन चालकों से संवाद कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

## कार्यक्रम में उठाया महिलाओं ने जनसमस्या का मुद्दा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** निपानिया स्थित आशीर्वाद विला सोसायटी में महिला प्रबंधन समिति के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस आयोजन में अध्यक्ष रंजनसिंह बघेल ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज को नई दिशा मिलती है, महिलाओं को सजग रहना चाहिए। ग्रीष्म ऋतु में भी महिला समूह ने समस्याएं हल करवाई। पार्षद, विधायक से चर्चा कर पानी के टैंकर की समस्या हल करवाई, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट चालू करवाई। महिलाओं ने विकास में सहयोग का संकल्प लिया।

## कन्यादान फाउंडेशन का स्थापना दिवस




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कन्यादान फाउंडेशन का स्थापना दिवस मनाया गया।सुषमा परमार को स्कूटी भेंट की गई, महिलाओं को सम्मानित किया गया। बाहर से अतिथि भी आए थे। टीना राठौर, सुषमा परमार मौजूद थी।

## पेंशनर्स प्रदर्शन कर ज्ञापन देंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा केन्द्र के समान पेंशनरों को 2 प्रतिशत राहत राशि 1 जनवरी 2026 से नहीं दी गई साथ ही छठे वेतन आयोग का 32 माह का ऐरियर माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के बावजूद एवं सांतवे वेतन आयोग का 27 माह के ऐरियर का भुगतान किये जाने संबंधी घोषणा नहीं किये जाने से पेंशनर्स आक्रोशित है। शासकीय पेंशनर्स, विद्युत मंडल, मा.शि. मण्डल, न.पा.नि. एवं डिप्लोमा इंजीनियर एसो. के पेंशनर्स दिनांक 18 अगस्त को दोपहर 3 बजे जिलाधीश कार्यालय के सामने निर्वाचन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर जुलूस के रूप में जाकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे।

# गुर्जर परिषद ने किया सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्याम नगर एनेक्स में इंदौर महानगर गुर्जर परिषद में स्वतंत्रता दिवस अवसर पर सम्मान का आयोजन किया। समाज के सेवानिवृत और पदोन्नत हुए पुलिस, सेना, फायर,बैंककर्मियों और खेल प्रतिभाओं का सम्मान किया



गया। सुबेदारसिंह गुर्जर, सुरेश गुर्जर, नासिर कंसाना, डालचंद गुर्जर, धीरसिंह गुर्जर, कमला गुर्जर, देवेंद्रसिंह गुर्जर, जनकसिंह गुर्जर, सुरेंद्र सिंह गुर्जर,वीरेंद्र सिंह गुर्जर, मेघ सिंह, मानसिंह गुर्जर, शरणसिंह गुर्जर, अमरसिंह गुर्जर उपस्थित थे।

# गोविन्द माली की जयंती मनाई गई




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिंधी साहित्य सागर इंदौर चैप्टर द्वारा सिंधी साहित्य के प्रसिद्ध साहित्यकार लेखक उपन्यासकार गोविंद माली की जयंती पर साहित्यिक कार्यक्रम काव्य गोष्ठी स्वामी प्रीतम दास सभागृह में आयोजित की गई। राजेन्द्र सचदेव, किरण परियानी, कमला राजानी, डॉ. विनोद आसुदानी, डॉ. नदिया मसंद, विनीता मोटलानी, अनमोलचंद्रा सायता, हरीश सेवानी, नमोश तलरेजा, ताराचंद लालवानी, सुनीता नवलानी, कीर्ति जैसवानी, हिना मंदवानी, निर्मला राजानी, कोमल रिझवानी ने प्रस्तुतियां दी। नम्रता विरवानी, राजकुमारी पंजवानी, काजल वासवानी, पूजा विरवानी, कांति खेतपाल, भारती खटवानी, ईश्वरलाल झामनानी, गोपालदास परियानी, नन्दलाल खथुरिया, मंशाराम राजानी ने अपनी भूमिका निभाई।

# बेलगाम खनन पर प्रशासन की चुप्पी-जाधव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बेटमा, सेजवानी, रंगवासा, रावद एवं आसपास के क्षेत्रों में कथित रूप से जारी बेलगाम एवं अनियमित खनन को लेकर भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के बबलू जाधव ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर स्थिति देखी, जहां किसानों की जमीनों की सीमाओं तक गहरी खुदाई, खेतों को नुकसान, भारी धूल-प्रदूषण और खनन नियमों की अनदेखी के आरोप सामने आए। खनन माफिया के सामने प्रशासन की चुप्पी अब संदेह पैदा करने लगी है। यदि खनन पूरी तरह वैध है तो प्रशासन सार्वजनिक रूप से बताए कि किस क्षेत्र में, कितनी गहराई तक और किन शर्तों के तहत खनन की अनुमति दी गई है। किसानों की जमीन, फसल, पर्यावरण और ग्रामीणों के स्वास्थ्य की कीमत पर किसी भी प्रकार का खनन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# पूर्व विधायक ने समझी स्वदेशी मिल की निकलने वाली झांकियों की स्थिति

## गणेश पूजन के साथ किया तीन झांकी निर्माण का श्रीगणेश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



गणेशोत्सव के बाद अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन जुलूस परम्परागत रूप से मिलों द्वारा निकाला जाता है। मिलें सभी बंद हो चुकी है फिर भी झांकियां निकलने की परम्परा जारी है। स्वदेशी मिल गणेशोत्सव समिति अपनी 96 साल पुरानी परम्परा को जीवंत रखने के लिए इस बार भी तीन झांकियां इस बार भी निकालेगी। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश चौकसे, मदन परमालिया, प्रकाश महावर कौली की मौजूदगी में झांकियां निर्माण के लिए पूजन कर विधिवत शुरूआत की गई। लक्ष्मीनारायण पाठक, हरनाम सिंह धारीवाल, देवीसिंह सेंगर, नरेंद्र श्रीवंश, किशन बोकरे, दिलीप माथुर, नारायण कुशवाह, शिवप्रसाद, किशोर करोसिया, हंसराज वर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, कन्हैयालाल मरमट, उपाध्यक्ष चम्पालाल वर्मा, कोषाध्यक्ष हीरालाल वर्मा, मदन पलमालिया, कैलाश कुशवाह, नरेन्द्र बैरवा पप्पू, महेश जीनवाल, राजेश पांडे सहित अन्य मौजूद थे।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती सुरभि मिश्रा पति श्री प्रभात कुमार मिश्रा** पता-388/2/1, खजराना 204 कनक मालाय ब्लाका नं. ए-खसरा नं. 388/2/1 इन्दौर **पूर्व नाम श्रीमती जया दवे पति नीरज** द्वारा वार्ड 39 झोन क्र 10 राजस्व विभाग में आवेदन प्रस्तुत कर निगम रेकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर पिन नं. 1004402559 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.10 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं.10**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**


# 65 बिजली कर्मियों का सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पोलोग्राउंड स्थित मुख्यालय के नवीन सभागार परिसर में श्रेष्ठ कार्य करने वाले 65 विद्युत कर्मियों का अच्छे सेवा कार्य पर सम्मान किया गया। अधिकारी अनूपकुमार सिंह, प्रकाशसिंह चौहान, शीतल जैन, डॉ. गरिमा अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।


**पंजीयन क्रमांक/जे.आर./आई.डी.आर./2013/296/5-9-2013**

**कल्याण मिल्स परस्पर साख सहकारी संस्था मर्या.**

**जी-5श्रीरंग अपार्टमेंट, 33-34 नगर निगम रोड इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक दिनांक---------

**साधारण सभा की सूचना**

**संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 6/9/2026 रविवार को प्रातः 9 बजे संस्था कार्यालय** पर आयोजित की गई है। जिसकी सूचना सदस्यों को विधिवत भेजी है, जिन्हें सूचना नहीं मिली हो इसे सूचना मानकर सभा में उपस्थित होने का कष्ट करें।

**नोट-सदस्यगण अपना आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर अपडेट करावें।**

**अध्यक्ष**
**पुरुषोत्तम अग्रवाल**

## 32 साल से इंग्लैंड के खिलाफ जीत की तलाश

# भारत का वर्ल्ड कप में मुकाबला आज

**नई दिल्ली ।** हॉकी वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत हो चुकी है। बेल्जियम और नीदरलैंड की सह-मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक होने वाली इस प्रतियोगिता की शुरुआत भारतीय पुरुष टीम ने शनिवार को वेल्स पर जीत के साथ धमाकेदार अंदाज में की है। स्वतंत्रता दिवस पर हुए मुकाबले में भारतीय टीम ने वेल्स पर 3-1 से जीत दर्ज की। एम्सटल्विन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की जीत में कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अहम भूमिका रही। भारतीय कप्तान ने पेनाल्टी कॉर्नर से 2 गोल किए। इसके अलावा, एक गोल संजय राणा ने किया था। संजय ने मैच का शुरुआती गोल (9वें मिनट) में किया था।

पूल डी में शामिल भारतीय टीम का अगला मैच सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 6:30 से खेला जाएगा। भारतीय टीम को टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए जरुरी है कि वेल्स की तरह ही इंग्लैंड पर भी बड़ी जीत दर्ज करे। हालांकि, टीम इंडिया के लिए वेल्स की अपेक्षा इंग्लैंड कड़ी चुनौती पेश करेगी। इंग्लैंड ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 4-1 से हराया था।

दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 141 मैच खेले गए हैं, जिसमें इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है। इंग्लैंड ने 90 मैच जीते हैं, जबकि भारतीय टीम ने 28 मैच जीते हैं। 23 मैच ड्रा रहे हैं। वहीं, हॉकी वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में इंग्लैंड और इंडिया ने 9 मैच खेले हैं। इंग्लैंड को 4, जबकि भारतीय टीम को 3 मैचों में जीत मिली है। 2 मैच टाई रहे हैं। किसी एक मैच में इंग्लैंड ने सर्वाधिक 3, जबकि भारत ने 4 गोल किए हैं। इंग्लैंड और भारत दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ 15-15 गोल किए हैं।

भारत को इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप में आखिरी जीत 1994 में मिली थी। विश्व कप में भारत ने इंग्लैंड को बराबर की टक्कर दी है। सोमवार को होने वाले मुकाबले में हरमप्रीत एंड कंपनी को दमदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को पछाड़ना होगा। बता दें कि भारतीय टीम ने 1975 के बाद हॉकी विश्व कप में पदक नहीं जीता है।

## आज से दिल्ली में दुनियाभर के शटलर जुटेंगे

**नई दिल्ली।** बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 17 साल बाद भारत में होने जा रहा है। दुनिया के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब के लिए राजधानी दिल्ली में अपना दमखम दिखाएंगे। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम इस बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत 2009 के बाद पहली बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। सात दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 64 पुरुष और 64 महिला खिलाड़ी सिंगल्स वर्ग में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा तीन डबल्स कैटेगरी में 48 जोड़ियां भी खिताब के लिए मुकाबला करेंगी।

टूर्नामेंट के मुकाबले आज से शुरू होंगे। पहले दिन पुरुष और महिला सिंगल्स ड्रॉ के टॉप हाफ के मुकाबले खेले जाएंगे। भारत का वर्ल्ड चैंपियनशिप में शानदार रिकॉर्ड रहा है। देश ने 1983 में पहली बार पदक जीता था, जब प्रकाश पादुकोण ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था। 2011 से भारत ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप के हर संस्करण में कम से कम एक पदक जीता है। लगातार 11 संस्करणों में भारत के खाते में कुल 14 पदक आए हैं। लगातार अच्छे प्रदर्शन के मामले में भारत की बराबरी केवल चीन ने की है।

**पहले राउंड में शी युकी से भिड़ेंगे आयुष शेट्टी–** 2026 के संस्करण में पुरुष सिंगल्स के पहले राउंड का एक बड़ा मुकाबला मौजूदा चैंपियन और टॉप सीड चीन के शी युकी तथा भारत के उभरते हुए खिलाड़ी आयुष शेट्टी के बीच होगा। वहीं, पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू भी एक बार फिर खिताब की दौड़ में होंगी। सिंधु के नाम महिला सिंगल्स में सबसे ज्यादा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने का संयुक्त रिकॉर्ड है। वह इस बार अपना छठा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने के इरादे से उतरेंगी।

# आज भी हुई बारिश तो ड्रॉ हो सकता है मैच

### ऐसा हुआ तो भारत के डब्ल्यूटीसी फाइनल की उम्मीदों को कितना बड़ा झटका

**गाले।** भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ गाले में टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेल रही है। मैच में पहले दो दिन बारिश ने काफी परेशान किया। पहले दिन 73 ओवर का ही खेल हो पाया। दूसरे दिन स्थिति और भी ज्यादा खराब थी। दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर पहली गेंद फेंकी जा सकी। दिन में कुल 43 ओवर ही फेंक गए। दो दिन में बारिश की वजह से 64 ओवर का खेल बर्बाद हो चुका है।

टेस्ट मैच के शुरू होने से पहले ही भविष्यवाणी की गई थी कि गाले में सभी 5 दिन बारिश की संभावना है। आज मैच का तीसरा दिन है और आज भी बारिश आ सकती है। हालांकि दूसरे दिन जैसी खराब स्थिति होने की संभावना काफी कम है। एक्यूवेदरके अनुसार दोपहर दो बजे बारिश की सबसे ज्यादा 52 प्रतिशत संभावना है। वहीं सुबह 9 बजे और 10 बजे 51 प्रतिशत चांस हैं कि बारिश हो सकती है।

**दूसरे दिन टीम इंडिया के 7 विकेट गिरे–** गाले टेस्ट के पहले दिन बल्लेबाजों का पलड़ा भारी रहा। भारतीय टीम ने दो विकेट पर 288 रन बना दिए थे। लेकिन मैच के दूसरे दिन श्रीलंकाई गेंदबाजों ने 7 विकेट ले लिए। दूसरी नई गेंद आने के बाद विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हुआ। 303 के स्कोर पर भारत का तीसरा



विकेट गिरा था। दूसरे दिन स्टंप के समय टीम इंडिया ने 9 विकेट पर 460 रन बना लिए थे।

### टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए हर मैच अहम

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स टेबल में टीम इंडिया 5वें नंबर पर है। 9 मैचों में टीम के 48.15 प्रतिशत पॉइंट हैं। अगर यह मुकाबला ड्रॉ होता है तो भारत को पॉइंट 46.67 प्रतिशत ही रह जाएंगे। ऐसे में टीम के लिए टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राह काफी मुश्किल हो जाएगी। भारत को न्यूजीलैंड में अभी दो टेस्ट मैच खेलने हैं। वहां टीम के लिए जीत आसान नहीं होगी। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर में 5 मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी है। अगर यह मैच ड्रॉ रहता है तो भारत को बचे हुए 8 टेस्ट में 7 जीतने ही होंगे, तभी टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह मिलेगी।

## बाल कुश्ती दंगल शुरू

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री रविदास व्यायाम शाला में परंपरागत बाल कुश्ती दंगल आज सुबह से नागपंचमी पर शुरू हुआ। कई बाल पहलवान भाग ले रहे हैं। खड़ी कुश्तियां भी की जाएगी। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। आयोजन से कमल पाल, मिथिलेश केमरे जुड़े हुए हैं।

## सिसौदिया ने कूडो में जीता स्वर्ण




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जिला कूडो ऐसोसिएशन द्वारा, इंदौर जिला कूडो चैंपियनशिप का आयोजन माहेश्वरी विद्यालय में किया गया, जिसमें मे मेधांशसिंह सिसौदिया ने 7 वर्ष से कम आयु वर्ग में 18 किलो ग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर पंडित आदर्श शुक्ला, अमर हार्डिया, जया बैरागी ने सम्मानित कर बधाई दी।



## पूजा, यश, आयन, लक्ष्मी को मिली सफलता

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** स्व. बलराज सोनकर जी की स्मृति में मध्यप्रदेश पावर लिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित बेंचप्रेस एवं डेडलिफ्ट प्रतियोगिता नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुई जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजक कैलाश सुरागे ने बताया कि पुरुष जूनियर वर्ग में यश हार्डिया, विशाल चौहान, टींस में हर्षित, सनी नकवाल, सब जूनियर में अयान दियावत, हनी वातायनी, सीनियर वर्ग में शाहरुख वारसी, आकाश मीणा, मास्टर वर्ग में जितेंद्र सिंह पंवार, रवि यादव, अशोक सोनी, प्रिंस खुराना, खावर खान, ब्रह्मप्रताप विजयी रहे। स्ट्रांग वूमेन (महिला वर्ग) में पूजा शर्मा, लक्ष्मी नकवाल, प्रथा नकवाल, पूनम यादव, ऋषिका पटेल, सानिया ओरे विजयी रहे। अतिथि रितेश विरंग, मुकेश जोशी, प्रदीप गढ़वाल, कपिल खेड़े, आकाश सुरागे, आकाश गौड, मोहन चावड़ा, मुस्तफा बागवान, कमल पाल, अशोक सोनी आदि रहे।

# चीन से ड्रॉ खेला, भारतीय महिला टीम का उम्दा प्रदर्शन

**नीदरलैंड्स।** एम्स्टेलवीन स्थित वैगनर स्टेडियम में खेले गए महिला हॉकी वर्ल्ड कप के अपने शुरुआती मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम ने ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट चीन के खिलाफ 2-2 से रोमांचक ड्रॉ खेला। मैच में पसंदीदा मानी जा रही चीनी टीम के खिलाफ भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक और आत्मविश्वास से भरा खेल दिखाया। मैच के 8वें मिनट में ही नेहा के बेहतरीन पास पर नवनीत कौर ने शानदार फिनिश करते हुए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया और भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, चीन ने जल्द ही पलटवार किया और शिल्पी डबास के फाउल के बाद मिले पेनल्टी स्ट्रोक को झांग यिंग ने गोल में तब्दील कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम का दबदबा कायम रहा और 25वें मिनट में भारत को मिले पेनल्टी कॉर्नर पर दीपिका के शॉट ने चीनी खिलाड़ी से डिफ्लेक्ट होकर गोलपोस्ट का रास्ता नापा, जिससे भारत एक बार फिर 2-1 से आगे हो गया। हाफ टाइम के बाद चीनी कोच एलिसन अन्नान की रणनीतियों के दम पर चीन ने आक्रामक वापसी की। 39वें मिनट में चीन को मिले पेनल्टी कॉर्नर पर मा निंग ने एक




जबरदस्त ड्रैगफ्लिक के जरिए गोल दागकर मैच को 2-2 की बराबरी पर ला खड़ा किया।

दूसरे हाफ में चीनी टीम के बढ़ते दबाव के बावजूद भारतीय रक्षापंक्ति ने बेहद अनुशासन और मजबूती का परिचय दिया। मैच के दौरान भारत को लालरेमसियामी के जरिए दो बेहतरीन मौके भी मिले, लेकिन वह इन्हें गोल में तब्दील करने से चूक गईं। अंतिम क्वार्टर में चीनी फॉरवर्ड्स ने बढ़त बनाने की पुरजोर कोशिश की, लेकिन भारतीय डिफेंडर्स ने कोई और गलती न करते हुए चीन के हमलों को नाकाम कर दिया और टीम के लिए 1 महत्वपूर्ण अंक सुरक्षित कर लिया।

इस ड्रॉ के बाद पूल-डी की अंक तालिका में इंग्लैंड की टीम शीर्ष पर काबिज है, जिसने रविवार को खेले गए अपने मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 4-0 से करारी शिकस्त दी थी। नियमानुसार प्रत्येक ग्रुप से केवल टॉप दो टीमें ही टूर्नामेंट के दूसरे दौर के लिए क्वालीफाई करेंगी, इसलिए भारत के लिए आने वाले मुकाबले बेहद अहम हैं। भारतीय टीम का अगला मुकाबला मंगलवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ होगा, जहाँ टीम पूरे 3 अंक हासिल करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

## चयनीत एथलीट करेंगे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व

**इंदौर।** मध्यप्रदेश एटलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के सिंथेटिक ट्रैक पर 62वीं यूथ एटलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गयी । मध्यप्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव एवं सिलेक्शन कमेटी के चैयरमेन गोविंदा चिंतामण ने बताया कि इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के थ्रोस, जम्प, एवं रनिंग के मुकाबले आयोजित किए गए।

# ड्राई-डे पर अवैध शराब बेचते आदतन गुंडा व पूर्व जिलाबदर सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चंदन नगर थाना पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस पर शासन द्वारा घोषित 'ड्राई-डे' के दौरान अवैध रूप से शराब बेचने वाले तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में क्षेत्र का आदतन गुंडा और एक पूर्व जिलाबदर बदमाश भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 61 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5540 रुपये बताई जा रही है।





पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि स्वतंत्रता दिवस पर ड्राई-डे होने के बावजूद क्षेत्र में कुछ स्थानों पर अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए चंदन नगर थाना पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी और तीन आरोपियों को अवैध रूप से शराब बेचते हुए मौके से दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आदतन गुंडा बदमाश सत्या पिता कालू वसुनिया निवासी जीरा फैक्ट्री के सामने झुग्गी झोपड़ी, चंदन नगर, पूर्व जिलाबदर रईस उर्फ बांका पिता मोहम्मद शकूर पठान निवासी सहयोग नगर, नूरी मस्जिद के सामने, धार रोड और प्रदीप पिता ओमप्रकाश सेन निवासी सिरपुर, धार रोड के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 61 पाव देशी मदिरा जब्त कर चंदन नगर थाने में आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। चंदन नगर थाना पुलिस आरोपियों से शराब के स्रोत और अन्य अवैध कारोबार से जुड़े नेटवर्क के संबंध में आगे की पूछताछ कर रही है।

# भाइयों के विवाद में पहली मंजिल से गिरा युवक, हालत गंभीर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आजाद नगर थाना क्षेत्र में भाइयों के बीच हुए विवाद में एक भाई पहली मंजिल की बालकनी से नीचे सड़क पर जा गिरा। हादसे में युवक को गंभीर चोटें आई हैं और वह बेहोश हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बड़े भाई के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मीना पैलेस कोहिनूर कालोनी निवासी फरियादी फरदीन पिता अकील खान ने आजाद नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरदीन ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश और घरेलू विवाद की बात को लेकर उसका बड़ा भाई यूसुफ खान, दूसरे भाई मंसूर खान के साथ गाली-गलौज करने लगा। विवाद मकान की पहली मंजिल पर बालकनी के पास वाले कमरे के सामने हो रहा था। देखते ही देखते यूसुफ ने हाथ में लिए लकड़ी के डंडे से मंसूर पर हमला कर दिया और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब फरदीन ने बीच-बचाव किया और यूसुफ के हाथ से डंडा छीन लिया, तो गुस्साए यूसुफ ने मंसूर को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। दोनों के बीच हुई धक्का-मुक्की के दौरान वे पहली मंजिल की बालकनी के पास पहुंच गए, जहां अचानक संतुलन बिगड़ने से मंसूर सीधे नीचे सड़क पर जा गिरा। ऊंचाई से गिरने के कारण मंसूर के शरीर और सिर में गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही बेहोश हो गया। आजाद नगर थाना पुलिस ने फरदीन के बयानों के आधार पर आरोपी यूसुफ खान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति गंभीर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मानपुर एबी रोड स्थित अजनार नदी की पुलिया के पास तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपति सड़क पर गिर पड़े। हादसे में महिला का सिर डिवाइडर से टकराने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जबकि पति का गंभीर हालत में महू के अस्पताल में इलाज जारी है।

पुलिस के अनुसार, मानपुर थाना क्षेत्र में कंटेनर आरजे-32 जीसी-6077 का चालक अपने वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। इसी दौरान उसने ग्राम कालीकिराय निवासी रंगलाल की मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत होते ही रंगलाल और पीछे बैठी उनकी पत्नी सांतूबाई सड़क पर गिर पड़े। हादसे में सांतूबाई का सिर सड़क किनारे बने डिवाइडर से टकरा गया। दोनों घायलों को तत्काल गेटवेल अस्पताल महू में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सांतूबाई ने दम तोड़ दिया वहीं रंगलाल का इलाज जारी है। घटना के बाद चश्मदीद बबलू की रिपोर्ट पर मानपुर थाना पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

# दो बाइकों की सीधी भिड़ंत: हादसे में एक की मौत, एक गंभीर घायल

**इंदौर।** हातोद थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़ानिया स्थित पद्मावती कॉलोनी गेट के सामने दो मोटरसाइकिलों की जोरदार भिड़ंत में एक व्यक्ति की जान चली गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, बाइक एमपी-09 एजे-9196 का चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए आ रहा था। पद्मावती कॉलोनी गेट के सामने उसने सामने से आ रही दूसरी मोटर साइकिल एमपी-09 एनसी-4641 को सीधी टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार श्यामलाल ओर चिनकू सड़क पर जा गिरे। सिर व शरीर में गंभीर चोटें आने के कारण चिनकू की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं श्यामलाल घायल हो गए। हातोद थाना पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

## अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस का शिकंजा

# देशी मदिरा के साथ आरोपी धराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध देशी प्लेन मदिरा जब्त की है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



पुलिस के अनुसार, द्वारकापुरी थाना पुलिस को क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की बिक्री और तस्करी किए जाने की सटीक सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दिग्विजय मल्टी क्षेत्र में घेराबंदी कर दबिश दी और संदेही गणेश उर्फ कालू पिता मनोज कदम निवासी दिग्विजय मल्टी को धरदबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 63 बल्क लीटर अवैध सफेद प्लेन देशी मदिरा बरामद की गई, जिसकी कुल बाजारू कीमत लगभग 35 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने अवैध शराब को तुरंत जब्त करते हुए आरोपी गणेश उर्फ कालू के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया। आरोपी को अदालत में प्रस्तुत किया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

# मौत होटल में प्लम्बर को करंट

## काम के दौरान हुआ हादसा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**हीरानगर थाना क्षेत्र में मंगल नगर स्थित होटल एप्पल ग्रैंड में काम के दौरान प्लम्बर की करंट लगने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने अपनी विस्तृत मर्ग जांच के बाद बड़ी कार्रवाई की है। सुरक्षा उपायों में गंभीर लापरवाही बरतने और बिना किसी सुरक्षा उपकरण के जोखिम भरा काम करवाने के चलते पुलिस ने दो ठेकेदारों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या की लापरवाही का प्रकरण दर्ज किया है।**

पुलिस के अनुसार, यह हादसा गत 10 जुलाई को मंगल नगर स्थित होटल एप्पल ग्रैंड में हुआ था। खजराना की शिवबाग कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय आकाश पिता गंगाराम चौहान होटल की छत पर जमा पानी निकालने का काम कर रहा था। छत पर काफी पानी जमा था और वाइपर से पानी साफ करते समय जैसे ही आकाश छत पर लगे सोलर हीटर के पास पहुंचा और उसने उसके पाइप को छुआ, वैसे ही उसे जोरदार करंट का झटका लगा। करंट लगते ही वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद हीरानगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की थी। मर्ग जांच और तकनीकी पड़ताल में यह बात स्पष्ट रूप से सामने आई कि आरोपी ठेकेदार अनिल कुशवाह और उसके साथी अमित त्रिपाठी निवासी स्कीम नंबर 78 ने मृतक आकाश से बिना किसी सुरक्षा साधन और ग्लव्स आदि के काम करवाया था। पानी से भरी छत पर सोलर हीटर के पास काम कराते समय बरती गई इसी लापरवाही के कारण आकाश की जान गई। जांच में दोषी पाए जाने पर हीरानगर थाना पुलिस ने दोनों ठेकेदारों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुरानी रंजिश में महिला के सिर पर ईंट से हमला

**बीच-बचाव करने आए बेटे को भी पीटा**

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र के न्यू ब्रज विहार कॉलोनी में पुरानी रंजिश के चलते कहासुनी के दौरान गुस्साई महिला पड़ोसी ने पीड़ित महिला के सिर पर ईंट मार दी, वहीं अन्य आरोपियों ने बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बेटे को भी लात-थप्पड़ों से पीट डाला। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, न्यू ब्रज विहार कॉलोनी राऊ निवासी फरियादी गोरा बाई पति गब्बू लाल चौहान ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उसकी पड़ोस में रहने वाली पुष्पा बाई घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान पीड़िता का बेटा ओमप्रकाश चौहान वहां से गुजरा, जिसे देखते ही पुष्पा बाई पुरानी बात को लेकर गालियां देने लगी। शोर सुनकर जब गोरा बाई बाहर आई और गाली-गलौज का विरोध किया, तो विवाद और बढ़ गया। गुस्से में आकर आरोपी पुष्पा बाई ने पास में पड़ी ईंट उठाकर गोरा बाई के सिर पर मार दी, जिससे वह लहूलुहान हो गई। इसी बीच पीछे खड़ी मंजू नामक महिला ने भी पीड़िता के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। मां को पिटता देख जब बेटा ओमप्रकाश बीच-बचाव करने पहुंचा, तो पुष्पा बाई का पति मनोज भी घर से बाहर निकल आया और उसने ओमप्रकाश को थप्पड़ों से पीटना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकियां देते हुए भाग निकले।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।